**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज रायपुर से पधारे अजय भसीन व टीम के द्वारा एसएसप्लाजा व्यापारियों के साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आम जनता एवम ब्यापारी बंधुओ को वोटिंग के दिशा में जागरूकता अभियान चलाया गया एवम शत प्रतिशत वोटिंग के लिए शपथ लिया गया। इस अभियान में शामिल ब्यापारी बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दी।आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद आभार।अजय भसीन ,दिलीप ,सुनील मिश्रा श्रीमति सुषमा जेठानी रायपुर रामसेवक अग्रवाल ,जगदीश सोनी,परसराम रमानी जी,रवि लालवानी ,कवर लाल मनवानी , ष्टद्द चेम्बर कोरबा इकाईचेतन चैधरी ,रूपेश अग्रवाल संजय रमानी बब्बू केशरवानी दीपक मोटवानीरोहित असरानी, राकेश पाहुजा, दिंनु राठौर,मनोज पंजवानी, नीलेश साहेब कलेक्शन,अभिनव सोनी,योगेश गुप्ता, सागर सचदेवा,अनिल असरानी एवम समस्त ब्यापारी बंधुओ ने इस अभियान से जुडकर आमजनो में मतदान जागरूकता अभियान का एक अच्छा संदेश दिया गया।।

### पुलिस को 6 साल से दे रहा था चकमा, गिरफ्तार

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा लंबित अपराधों के फरार आरोपियों की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के दिये दिशा निर्देशों पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा धोखाधड़ी फरार के आरोपी पवन कुमार महानंद पिता सुरेन्द्र राम 48 वर्ष सा. गीतांजली सिटी फेस-2 गली नं. 04 शिव मंदिर के सामने बिलासपुर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर (छ.ग.) को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । आरोपी करीब 6 साल से गिरफ्तारी से बचने लुक-छिप रहा था। घरघोड़ा पुलिस लगातार आरोपी के सकुनत बिलासपुर में दबिश देकर उसके परिवारजन और रिस्तेदारों से पूछताछ कर संपर्क रखे हुये थी साथ ही थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा आरोपी के सकुनत आसपास सूचना देने मुखबीर तैनात कर रखा गया था। आज पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अग्रिम जमानत के लिए घरघोड़ा आया हुआ है, सूचना पर तत्काल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ में उसने कस्टमर्स के इन्सोरेंस रूपये जमा ना कर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया जिससे खर्च के बाद बचे रकम ?4,000 की जप्ती की गई है । घरघोड़ा पुलिस द्वारा आज शाम आरोपी पवन कुमार महानंद को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में मतदान जागरूकता के लिए क्वीज प्रतियोगिता हुई आयोजित

### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत कटघोरा के शासकीय हाईस्कूल स्याहीमुड़ी में मतदान आवश्यक और लोकसभा निर्वाचन 2024 पर आधारित सामान्य ज्ञान क्वीज प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पीयूष मंझवार व गणेश रहे। द्वितीय स्थान पर गरिमा महंत व लक्ष्मी चैहान रहे और तृतीय स्थान आरती मंझवार व मंदाकिनी ने प्राप्त। प्रतियोगिता के विजेताओं को शिक्षकों के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। शासकीय हाईस्कूल लाद की छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। एनएसएस के छात्रों के द्वारा ग्राम पंचायत लाफा एवं ग्राम पंचायत नगोई में दीवारों पर नारा लेखन करके मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

## शराब के नशे में मां से मारपीट करने वाला कलयुगी पुत्र जेल दाखिल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शराब पीने के बाद हर दिन मां से मारपीट करने वाले कलयुगी पुत्र को सीएसईबी चैकी पुलिस ने कोरबा सिटी मजिस्टेट न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जिला जेल दाखिल कर दिया। जानकारी के अनुसार किशोर कुमार महंत उम्र 35 पिता स्व. महावीर प्रसाद महंत निवासी कोहडिया सीएसईबी चैकी कोरबा पूर्व विगत कुछ माह से शराब पीने के बाद बौरा जाता था। यहां तक की लगातार उसके साथ मारपीट करते हुए प्रताड़ित करने लगा, जिसके कारण इसकी गतिविधियों से परिवार के लोग परेशान रहने लगे। अंततरू उक्त युवक की हरकतें कुछ ज्यादा ही बढ़ गई तो इसकी शिकायत सीएसईबी चैकी पहुंचकर प्रभारी भीमसेन यादव से उसकी मां ने किया। सुमित्रा महंत उम्र 65 वर्ष ने करते हुए न्याय दिलाने जाने की गुहार लगाई। बताया जाता है कि कलयुगी पुत्र द्वारा आये दिन प्रताडित करने और मारपीट किये जाने की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए जांच के उपरांत सीएसईबी चैकी पुलिस ने आरोपी को धारा-151 के तहत गिरफ्तार कर लिया, जिसे सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय पेश किया गया। वहां से उसे तत्काल प्रभाव से जिला जेल दाखिल कर दिया गया।

# कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बैगानी भाषा में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र चिल्फी एवं लूप का भ्रमण किया। कलेक्टर श्री महोबे और सीईओ श्री अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्फी में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप में उपस्थित होकर बैगा आदिवासियों को मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की । इस दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने सबको शपथ दिलाई एवं नारे के माध्यम से जनसमूह को इस मतदाता जागरूकता अभियान के साथ जोड़ा। कार्यक्रम के दौरान रोचक बात ये रही कि कलेक्टर श्री महोबे ने बैगानी भाषा में सबको मतदान के लिए शपथ दिलाई। जिसका समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ा। कलेक्टर को अपनी भाषा में बात करते देख उपस्थित बैगा मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई जिसके बाद स्वस्फूर्त अनेक लोगों ने बैगानी भाषा में शत प्रतिशत मतदान के लिए मंच में आकर अपील की। कार्यक्रम के दौरान मानव श्रृंखला बनाकर सबने शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में शमनीष भारती सीईओ जनपद पंचायत बोडला, एपीसी अवधेश नंदन श्रीवास्तव सहित आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक गण व बड़ी संख्या में क्षेत्र वासी उपस्थित थे।

# नवरात्रि पर्व पर जमनीपाली में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण नवान्ह यज्ञ कथा का शुभारंभ

### 18 अप्रैल को सहस्त्रधारा गीता हवन एवं भोग भंडारे के साथ कथा को विश्राम दिया जाएगा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के संस्थापक श्रीराम कथा, श्री शिव महापुराण कथा, श्रीमद भागवत एवं श्रीमद देवी भागवत के मर्मज्ञ पंडित देवशरण दुबे जी की श्रीमद् देवी भागवत महापुराण नवान्ह यज्ञ कथा नवरात्रि के पावन पर्व पर जमनीपाली में दिनांक 9 अप्रैल मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई, जिसमे व्यासपीठ से पंडित देवशरण दुबे अपनी संगीतमयी सुमधुर वाणी से श्रोताओं को कथा का रसपान करा कर जीवन में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण नवान्ह यज्ञ कथा के माध्यम से आनंद एवं परमानन्द की प्राप्ति का उपाय बता रहे हैं । कथा के षष्ठम दिवस में पंडित देवशरण दुबे ने श्रीमद् देवी भागवत महापुराण नवान्ह यज्ञ कथा में शुंभ-निशुंभ दैत्यों का प्राकट्य और वध, देवताओं द्वारा मां दुर्गा की स्तुति और अठारह भुजाधारी मां दुर्गा का अवतार आदि प्रसंग विस्तार से सुनाया। प्रसंग में उन्होंने बताया की शुंभ-निशुंभ नामक पराक्रमी दैत्यों से तीनों लोकों में भय व्याप्त था। इनके आतंक से दुखी होकर देवता जगत माता गौरी के पास जाकर विनती करने लगे। तब गौरी के शरीर से एक कुमारी प्रकट हुई जो शरीर कोष से निकली होने के कारण कौशिकी के नाम से प्रसिद्ध हुई। उन देवी ने अपनी अठारह भुजाओं का विस्तार किया और सिंह पर सवार हुई। एक जोर की गर्जना करते हुए सिंह उन दैत्यों के पिछे दौड़ा और कई दिनों के भंयकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने उन दौनों दैत्यों का संहार किया। 9 अप्रैल 2024 मंगलवार से जमनीपाली में प्रतिदिन सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक चलने वाली श्रीमद् देवी भागवत महापुराण नवान्ह यज्ञ कथा को दिनाँक 18 अप्रैल 2024 गुरुवार को सहस्त्रधारा गीता हवन एवं भोग भंडारे के साथ विश्राम दिया जाएगा । सर्वधर्मार्थ कल्याण सेवा समिति के कोरबा जिला शाखा प्रभारी डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# विकासनगर कुसमुड़ा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

### मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने किया गया जागरूक, दिलाया गया अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवा को नगर पालिक निगम केारबा द्वारा निगम क्षेत्र के विकासनगर कुसमुडा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया तथा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की दिशा में जागरूक किया गया, वहीं मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिला, पुरूष, युवा, बुजुर्ग सहित छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नाटक, रैली, नारा लेखन निबंध, भाषण, पोस्टर तथा अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम केारबा के विकासनगर कुसमुडा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा एवं निगम के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में जागरूकता रैली निकाली गई तथा मतदाताओं से अपील की गई कि वे अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान दिवस 07 मई को मतदान अवश्य करें।

## सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** सड़क हादसे में बीती रात मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों सहित तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई तीन युवक अपने दोस्त की शादी में शामिल होकर वापस गांव लौट रहे थे। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 ग्राम मटका के पास हुई दुर्घटना में दो सगे भाई कोमल साहू 21 वर्ष और मुकेश साहू 22 वर्ष और एक उनका दोस्त रवि यादव की मौत हो गई। तीनों युवक ग्राम अर्जुनी के रहने वाले थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक मोटरसाइकिल से अपने दोस्त की शादी में गए हुए थे, जहां से वापस गांव लौटते समय घटना ग्राम मटका के पास दुर्घटना के शिकार हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। फिलहाल, तीनों मृतक का पोस्टमार्टम जारी है।

संपादकीय

# सिंथेटिक ट्रैक्स को तबाह मत करो

भूपिंदर सिंह

अभी भी समय है कि सरकार को चाहिए कि इन खेल मैदानों का रखरखाव ठीक ढंग से करवाए, ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी इन सुविधाओं का लंबे समय तक लाभ उठा सकें आज हिमाचल प्रदेश में बहुत संघर्ष के बाद बहुत अधिक धन व श्रम खर्च करके एथलेटिक्स के लिए विश्वस्तरीय प्ले फील्ड उपलब्ध है, मगर प्रशासन की खेलों के प्रति बेरुखी व अज्ञानता के कारण सब बरबाद होता जा रहा है। राज्य में तीन जगह सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं, मगर उन पर कहीं तो पार्क की तरह लोग सैर कर रहे हैं और कहीं पर जिला खेल अधिकारी व उपायुक्त फौज के हवाले कर कई दिनों के लिए भर्ती की स्वीकृति दे देते हैं। हमीरपुर का ट्रैक अब भारतीय खेल प्राधिकरण के पास है, मगर वहां भी हालत ठीक नहीं है। आजकल वहां मनोरंजन के लिए क्रिकेट देखने वालों के लिए बीच मैदान में स्क्रीन लगा दी है। जब क्रिकेट वाले अपने मैदानों में किसी को एक कदम भी नहीं रखने देते हैं, अच्छी बात है, मगर दूसरे की अंतरराष्ट्रीय प्ले फील्ड को बरबाद करना कहां तक सही है। सोचो राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले हिमाचल के एथलीट पंद्रह दिन कहां ट्रेनिंग करेंगे। हिमाचल प्रदेश में खेल के साथ इस तरह की बदतमीजी आम बात हो गई है। करोड़ों रुपयों से बने सिंथेटिक ट्रैकों को हिमाचल प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी बरबाद करने पर क्यों आमादा हैं। क्या हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व खेल मंत्री इस बात का संज्ञान लेंगे, ताकि इन अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को बचाया जा सके। प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए चंद, मगर बेहतरीन मैदान चंबा, मंडी, नादौन, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहडू, रामपुर, सोलन, चैल, नाहन आदि जगहों पर थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों, उत्सवों व राजनीतिक रैलियों से बचे समय में चलती रही हैं। इन पुराने व ऐतिहासिक मैदानों का हाल कुछ ठीक नहीं है। कहीं अतिक्रमण व कहीं पर अव्यवस्था का बोलबाला साफ नजर आता है। वैसे तो हिमाचल प्रदेश की तरक्की में विभिन्न सरकारों का योगदान रहा है, मगर हिमाचल प्रदेश में पहली बार नई सदी के शुरुआती वर्षों में प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल की सरकार ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल ढांचे को खड़ा करने की शुरुआत की और आज हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड एथलेटिक्स, क्रिकेट, हाकी, तैराकी व इंडोर खेलों के लिए उपलब्ध है। क्रिकेट में अनुराग ठाकुर की सोच ने हिमाचल प्रदेश को क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाकर खड़ा कर दिया है जो काबिले तारीफ है। लुहणू का खेल परिसर पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल के प्रयत्नों से बिलासपुर में सामने आया है। एथलेटिक्स सभी खेलों की जननी है। इसी से सब खेल निकले हैं और इसके प्रशिक्षण के बिना किसी खेल में दक्षता नहीं मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में आज हमीरपुर, बिलासपुर व धर्मशाला में तीन सिंथेटिक ट्रैक बन कर तैयार हैं। शिलारू के साई सैंटर में दो सौ मीटर का प्रैक्टिस ट्रैक बन कर तैयार है। सरस्वतीनगर में काम हो रहा है। किसी किसी राज्य के पास अभी तक एक भी ट्रैक नहीं है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर व धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैकों पर लोग टहलते नजर आते हैं। भर्ती के लिए बाहर कच्चे पर केवल ट्रायल के लिए स्वीकृत किया जा सकता है। शेष ट्रेनिंग बाहर के अन्य मैदानों व सडक़ों पर हो सकती है। सिंथेटिक ट्रैक पार्क बन चुके हैं। वहां आम लोगों का प्रवेश वर्जित कर देना चाहिए, केवल एथलीट के लिए ही प्रवेश रखना चाहिए। तभी इन प्ले फील्ड को लंबे समय तक खिलाडियों के लिए उपलब्ध करवाया जा सकता है। कल जब हिमाचल प्रदेश के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट होंगे और प्रशिक्षण के लिए उखड़ा हुआ ट्रैक होगा तो फिर पहाड़ की संतान को पिछडने का दंश झेलना पड़ेगा। इसलिए इस बरबादी को अभी से रोकना होगा। तभी हम अपनी आने वाली पीढियों से न्याय कर सकेंगे। इस कॉलम के माध्यम से इस विषय पर कई बार लिखने के बाद भी हिमाचल सरकार इन विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं पर ध्यान नहीं दे रही है। हिमाचल में ट्रेनिंग कर पहाड़ की संतानें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कुछ लोगों के जुनून ने बिना सुविधाओं के मिट्टी पर ट्रेनिंग कर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दस्तक दी थी, तभी यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा आने वालों को मिल पाई हैं। हिमाचल प्रदेश में इस समय हर जिला स्तर सहित कई जगह उपमंडल स्तर पर भी इंडोर स्टेडियम बन कर तैयार हैं, मगर उन स्टेडियमों में बनी प्ले फील्ड का उपयोग प्रशिक्षण के लिए खिलाडियों को ठीक से करना नहीं मिल रहा है। वहां पर अधिकतर शहर के लाला व अधिकारी अपनी फिटनेस करते हैं। ऊना व मंडी में तरणताल बने हैं, मगर वहां पर भी कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम आज तक शुरू नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश में तैराक ही नहीं हैं। यहां पर भी प्रशिक्षण न होकर गर्मियों में मस्ती जरूर हो जाती है। ऊना में हाकी के लिए एस्ट्रोटर्फ बिछी हुई है, मगर उसकी तो पहले ही दुर्गति हो गई है। हिमाचल प्रदेश सरकार का युवा सेवाएं एवं खेल विभाग अभी तक करोड़ों रुपए से बने इस खेल ढांचे के रखरखाव में नाकामयाब रहा है। उसके पास न तो चौकीदार हैं और न ही मैदान कर्मचारी, पर्याप्त प्रशिक्षकों की बात तो बहुत दूर की बात है।क्या हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व खेल मंत्री इस बात का संज्ञान लेंगे, ताकि इन अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को बचाया जा सके। प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए चंद, मगर बेहतरीन मैदान चंबा, मंडी, नादौन, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहडू, रामपुर, सोलन, चैल, नाहन आदि जगहों पर थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों, उत्सवों व राजनीतिक रैलियों से बचे समय में चलती रही हैं। इन पुराने व ऐतिहासिक मैदानों का हाल कुछ ठीक नहीं है। कहीं अतिक्रमण व कहीं पर अव्यवस्था का बोलबाला साफ नजर आता है। वैसे तो हिमाचल प्रदेश की तरक्की में विभिन्न सरकारों का योगदान रहा है, मगर हिमाचल प्रदेश में पहली बार नई सदी के शुरुआती वर्षों में प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल की सरकार ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल ढांचे को खड़ा करने की शुरुआत की ।

## पैसों की हवस के आगे इंसान

पैसों की हवस के आगे इंसान इतना गिर जाए कि जिंदा इंसानों के शरीर के अंग बेचने लग जाए? भला कौन विस करेगा कि यह भी अब उन कुछ वहशियों का कारोबारी हिस्सा है, जो बाकयदा गैंग बनाकर, सुनियोजित तरीके से लगे हुए हैं। हैरानी तब ज्यादा होती है जब इसमें देवालय सदृश्य अस्पतालों के बड़े-बड़े रुतबेदार और ओहदेदार भी हिस्सेदार होते हैं। इस अवैध धंधे ने बहुत गहरी जड़ें कम समय में ऐसी जमा ली हैं कि धंधेबाज सरकार और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। भारत में भी सीमा पार तक से गुपचुप तरीके से स्वस्थ लोगों के अंगों को खरीदने-बेचने का सिलसिला तेजी से पनप रहा है। इत्तेफाक से कोई मामला सामने आता है तो उसकी जड़ों तक पहुंचता जांच दल हक्का-बक्का रह जाता है। कैसे, कितनी सफाई से आंखों में धूल झोंक, इतना बड़ा कांड होता रहा और भनक तक नहीं लगी? बीते हफ्ते बांग्लादेश से बुलाकर जयपुर में अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने वाले गिरोह का गुरु ग्राम में भांडाफोड़ हुआ। छापेमारी में किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके और कराने वाले डोनर, मरीज सहित 4 लोग हत्थे चढ़े। इनसे खुलासा हुआ कि मरीजों से 10-12 लाख रु पये वसूले जाते, जबकि डोनर को महज दो लाख बांग्लादेशी टका पकड़ाते। पकड़ाए बांग्लादेशी किडनी डोनर शमीम ने हैरान कर देने वाली जानकारी दी। उसने फेसबुक पर किडनी डोनेट करने का विज्ञापन देखकर भारत में मुर्तजा से संपर्क साधा। उसके कई मेडिकल टेस्ट हुए। उसे कोलकाता के मेडिकल वीजा पर गुरु ग्राम में रु कवाया गया। आधार और दूसरे कई फर्जी कागज बने। पता चला कि गुरु ग्राम का बड़ा अस्पताल देख इनके जाल में लोग फंस जाते। बाद में इसी अस्पताल की जयपुर ब्रांच में ट्रांसप्लांटेशन का खेल होता। मुर्तजा झारखंड का है। लंबे समय से इस धंधे में लिप्त है। फरवरी, 2019 में कानपुर पुलिस ने एक बड़े किडनी-लीवर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरोह गरीब को फंसाता और दिल्ली में किडनी बिकवाता। छह लोगों गिरफ्तार हुए जिनके तार न केवल कानपुर से दिल्ली, नोएडा, बल्कि विदेशों से भी जुड़े निकले। गिरोह किडनी बेचने वाले मजबूर को 3-5 लाख रुपये बमुश्किल देता वहीं जरूरतमंद से 30 लाख रु पये से भी ज्यादा वसूलता। जांच में खुलासा हुआ कि गैंग का सरगना टीआरके राव 2016 में अपोलो हॉस्पिटल किडनी कांड में जेल जा चुका है। विडंबना कहें या कानून से बेखौफ निर्लज्जता जेल से बाहर आते ही फिर इसी गोरखधंधे में लग गया।

विचार

## हाईकोर्ट के बेबाक फैसले से सबसे मुश्किल विपक्ष

अरविंद केजरीवाल मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के बेबाक फैसले ने कई भ्रमों को दूर कर दिया है। यही कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना गलत है। इसलिए कि वह झूठे तथ्यों और डराए गए गवाहों से बलात लिए बयानों पर आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार को जमींदोज के इरादे से रची गई साजिश के तहत है। यह आम चुनाव में भागीदारी के समान अवसर के अधिकार से वंचित करना है। इनके पीछे केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार है, जिसके इशारे पर ईडी काम कर रहा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 25 मिनट तक पढ़े गए अपने फैसले में केजरीवाल की याचिका के सभी मुद्दों को बिंदुवार स्पष्ट किया है। फैसले के मुताबिक उनकी गिरफ्तारी नियमत- और साक्ष्य-आधारित है। रिमांड जायज है। ईडी के आठ-आठ समनों के बाद भी पूछताछ में न आना और पर्याप्त सबूत भी हों तो गिरफ्तारी लाजिमी है। इसमें हैसियत के हिसाब से फेरबदल नहीं किया जा सकता। दिल्ली के मुख्यमंत्री कीआबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के करोड़ों रुपये के मामले में प्रमाणित संलिप्तता रही है। वे इससे व्यक्तिगत रूप से और बतौर आप संयोजक जुड़े रहे हैं। इसकी पुष्टि ईडी के समक्ष नहीं, बल्कि अदालत में धारा 164 के तहत गवाहों के बयानात से भी होती है। हालांकि आप नेता इन्हें ईडी का गढ़ा मान रहे हैं। उनका यह रवैया जनता को तथ्यों से गुमराह करने वाला है, चुनावी मौसम में वह चाहे जितना सही हो। यह अदालत की मान्यता के भी विरु द्ध है। हालांकि उच्च न्यायालय ने इन गवाहों से आगे मुकदमे की सुनवाई के दौरान केजरीवाल के बहस के हक को नकारा नहीं है। न्यायालय का यह स्पष्टीकरण महत्त्वपूर्ण है कि यह मामला केंद्र नहीं बल्कि ईडी बनाम अरविंद केजरीवाल का है। यह कोई राजनीतिक नहीं, सीधे-सीधे भ्रष्टाचार का मामला है। इसके आरोपित को जांच के तरीके तय करने या इसमें कोई सुविधा मांगने का हक नहीं है। उसे एक आम नागरिक की तरह ही लड़ाई लड़नी होगी। इस फैसले ने मुख्यमंत्री को पैदल कर दिया है। उन्हें सहानुभूति पाने के लिए नया तर्क गढ़ना होगा। केजरीवाल की सबसे बड़ी चुनौती न्यायालय के इस आकलन को गलत ठहराने की होगी, जो ईडी से सहमत है कि आप एक पार्टी नहीं, बल्कि कंपनी की तरह है और वे खुद निदेशक की तरह काम करते हैं। उनके लिए फैसले का यह सबसे मुश्किल विपक्ष है। केजरीवाल अब सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हैं, जहां इन टिप्पणियों पर भी गौर किया जाएगा।

## यह कैसा राम राज?

22 जनवरी 2024 को राम मंदिर अयोध्या में, राम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के बाद, प्रधानमंत्री जी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। वैसे यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस विशाल और व्यापक आयोजन से उनका जनाधार बढ़ा है तथा वे हिंदू मानस के सर्वप्रिय नेता बन गए हैं। यहां तक की हिंदू धर्म गुरु, शंकराचार्य और हिंदू राष्ट्र के निर्माण के थोक बंद ठेकेदार डॉक्टर मोहन भागवत जी, श्री नरेंद्र मोदी जी की आभा के समक्ष पीछे नजर आ रहे हैं। 4 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री जी गुवाहाटी के दौरे पर थे। और वहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके। उन्होंने राजनीतिक कारणों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने का चलन स्थापित किया। जबकि विकास और विरासत हमारी नीति है कामाख्या दिव्य लोक परियोजना का शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा तीर्थ मंदिर सभ्यता की यात्रा की निशानियां है। हमारे तीर्थ मंदिर सिर्फ दर्शन करने की स्थली नहीं है यह हमारी सभ्यता की अमिट निशानियां है। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे उसको अटल रखा है यह उसकी साक्षी है। कोई भी देश अपने अतीत को भुलाकर या मिटाकर विकसित नहीं हो सकता। मुझे संतोष है कि पिछले 10 वर्षों में हालात बदल गये है '। उनकी आखिरी पंक्ति पर तो कुछ कहने की जरूरत नहीं है क्योंकि देश में जो कुछ अच्छा हुआ है वह उनके 10 वर्षों के कार्यकाल में हुआ है और जो कुछ खराब हुआ है वह उनके आने के पूर्व का है,यह कहना उनके प्रारंभिक व स्थाई शगल है। एक प्रकार से वे अपने आपको श्रेष्ठ भूतों न भविष्यती सिद्ध करते रहते हैं। उनकी आत्म प्रशंसा करने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह व्यक्ति का स्वभाव होता है। विशेषता जिन सज्जनों में योग्यता कम होती है वे दिखावे ज्यादा करते हैं। हमारी पुरानी कहावत है 'अध जल भरी' गगरिया छलकत जाएय। पर मूल प्रश्न जिस पर विचार जरूरी है कि संस्कृति पर शर्मिंदगी का चलन देश में कब था।

# भाजपा अपना संकल्प पत्र-मुफ्त राशन-बिजली,यूसीसी का वादा और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बड़ी घोषणा.....

कमल नयन नारंग

भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा ने संकल्प पत्र में युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों पर ध्यान केंद्रित किया है । गरीब, युवा, किसान एवं आधी आबादी के प्रोत्साहन के लिए काफी कुछ होगा। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है, जिसकी थीम 2047 तक विकसित भारत बनाने की 'मोदी की गारंटी' पर आधारित हो सकती है । संकल्प पत्र जारी करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं । हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक है । फ्री राशन की योजना रहेगी जारी । गरीबों को पोषणयुक्त भोजन मिले, यह सरकार की योजना है । सरकार की कोशिश है कि गरीबों की थाली संतोषयुक्त हो । संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा,मुद्रा लोन की योजना 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया गया । वहीं, 5 लाख तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा । आयुष्मान के दायरे में ट्रांसडजेंडर आएंगे । छोटे कस्बों में स्वनिधि योजना का विस्तार होगा । 5 साल में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ेगी। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि सरकार का टारगेट का है कि बिजली से कमाई हो सके । 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना सरकार का टारगेट है । प्रधानमंत्री ने फिर दोहराया कि जिन्हें कोई नहीं पूछता है उसे मोदी पूजता है । पीएम मोदी ने आगे कहा कि गांव में महिलाएं ड्रोन पायलट बनेंगी । पाइप के रास्ते घर-घर गैस पहुंचाए जाएंगे । हमारे लिए दल से बड़ा देश है । वंदे भारत ट्रेन के तीन मॉडल चलेंगे । अब गरीबों को उनका अधिकार मिल रहा है और गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं. भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, यह मोदी की गारंटी है । पीएम मोदी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का भी जिक्र किया । उन्होंने कहा कि यूसीसी देशहित के लिए आवश्यक है । पीएम मोदी ने कहा, भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं । अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे । अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे ।

**जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर साधा निशाना** - मोदी जी पार्टी के सभी आयोजनों और गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं । भाजपा का समुचित संचालन हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है । मैं इस कार्यक्रम में उनका हार्दिक स्वागत करता हूं। जनसंघ काल के विचारों को आगे बढ़ा रही पार्टी- जेपी नड्डा ने आगे कहा,हम जानते हैं कि आज संकल्प पत्र का चित्रांकन होगा । लेकिन हम लोगों को ये भी ध्यान रखना चाहिए कि बीजेपी और जनसंघ काल से शुरू हुई एक असंबद्ध आधारित पार्टी के गुण, उन विचारों को लगातार छोड़े गए वाद्ययंत्र अधिष्ठान की यात्रा में हम सब लोग शामिल हैं । जब-जब चुनाव आता है, तब-तब हम सब लोग उसी तरह से विसवत यात्रा को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। जेपी नड्डा ने मोदी सरकार 2.0 की सफलता का किया जिक्र - भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा, महिला आरक्षण कानून का जिक्र करते हुए जेपी नड्डा ने कहा, जो 30 सालों में नहीं हुआ नो 3 दिन में हो गया। संसद में महिलाओं को आरक्षण दी गई । कोराना काल के दौरान सरकार मजबूती से लड़ी । हमने आर्टिकल 370 को हटाया। आज 50 करोड़ जनधन खाते से 55.5 प्रतिशत जनधन खाता महिलाओं के नाम पर सूचीबद्ध हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के पैसे - जानकारी के मुताबिक, पीएम किसान सम्मान निधि के पैसे बढ़ाने की घोषणा भी हो सकती है। अभी किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये दिए जाते हैं । इसी तरह परोक्ष तौर पर किसानों के लिए कुछ अन्य योजनाओं की भी घोषणा की जा सकती है । सत्ता में आने पर एक ऐसे कानून बनाने का भी वादा किया जा सकता है कि जिसमें ईडी द्वारा जब्त संपत्ति के मामले में निवेशकों को जल्द पैसे वापस करने जैसी बात हो सकती है ।

# विपक्षी गठबंधन-कांग्रेस की प्रासंगिकता

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

वायनाड ने सब गड़बड़ कर दिया। कम्युनिस्टों ने राहुल गांधी से पूछा कि आप तो पिछले दस साल से चिल्ला रहे हो कि आप की लड़ाई भाजपा वालों से है, लेकिन आप केरल में तो हमसे ही लड़ रहे हो। हम दिल्ली में आप के साथ एक मंच पर बैठ कर लम्बे-लम्बे भाषण देते हैं। मिल कर भाजपा के साथ लडने की हुंकार लगाते हैं, लेकिन उस सबके बावजूद आप केरल में हमसे ही लड़ रहे हैं भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों में जो सर्वाधिक व्याकुल प्राणी थे, उनमें से चार शिखर पर थे। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, सोनिया गांधी और कम्युनिस्ट। प्रश्न पूछा जा सकता है कि मैंने अन्य दलों का नाम न लिख कर, उन दलों के प्रमुख व्यक्ति का नाम लिखा है, लेकिन कम्युनिस्टों के मामले में व्यक्ति का नाम न लिख कर केवल कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग क्यों किया है। उसका कारण है। हमारे भारत में कम्युनिस्ट सदा किसी शरीर की तलाश में रहते हैं। जब कम्युनिस्ट अपने शरीर में प्रकट होते हैं तो भारत के लोग उन्हें तुरंत पहचान लेते हैं और नकार देते हैं। इसलिए वे निरंतर किसी दूसरे शरीर, जिंदा या मुर्दा, की तलाश में रहते हैं और अपनी सुविधानुसार उसे पा भी लेते हैं। उनकी ऐसी पृष्ठभूमि में उनके किसी शीर्ष पुरुष का नाम पहचान पाना या तलाश करना बहुत मुश्किल है। उनके शीर्ष पुरुष आपस में इतने मिलेजुले हैं कि किसी को पहचान पाना ही मुश्किल है। इसलिए मैंने किसी व्यक्ति विशेष का नाम न लिख कर नंगा चिट्टा कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग ही किया है। अब आगे बढ़ा जाए। लेकिन हमारे आगे बढने से पहले ही नीतीश कुमार इंडी मोहल्ला छोड़ कर वापस अपने घर लौट गए हैं। ममता बनर्जी हैं अभी भी इंडी मोहल्ला में ही, लेकिन उस मोहल्ला के बाकी लोगों से उन्होंने बोलचाल बंद कर दी है। उनकी पार्टी ने पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। लेकिन वैसे वे बराबर कह रही हैं कि वे इंडी के साथ मजबूती से खड़ी हैं और बंगाल को छोड़ कर बाकी सभी जगह उसका समर्थन कर रही हैं। लेकिन सोनिया गांधी इतना तो जानती हैं कि उनकी पार्टी को यदि ममता बनर्जी की जरूरत थी तो केवल बंगाल में थी। शेष भारत में, सोनिया गांधी तो क्या, ममता बनर्जी खुद भी जानती हैं कि उनकी हैसियत ही नहीं है। एक दूसरी पार्टी है जो इंडी गठबंधन में सर्वत्र विद्यमान है, लेकिन दिखाई नहीं देती। यह पार्टी अब भारत में 'अशरीरी' हो गई है। उसका नाम मुस्लिम लीग है। यह कांग्रेस के पैदा होने के कुछ साल बाद 1905 में पैदा हुई थी। कहा जाता है कि अंग्रेजों ने इस पार्टी को पैदा करने के लिए ही बंगाल का विभाजन किया था। मुस्लिम लीग को पैदा करने के बाद बंगाल विभाजन को भी खत्म कर दिया था। 1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने अंग्रेजों से भारत के मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन मंडल की मांग की थी। बाद में संबंध बनते बिगड़ते गए, लेकिन कांग्रेस ने 1947 में अपनी कार्यसमिति की अंतिम बैठक में मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की मांग का समर्थन करने के लिए 'भारत विभाजन' का प्रस्ताव पारित किया था। भारत विभाजन के बाद जब बचे-खुचे भारत में मुस्लिम लीग के लिए रहना मुश्किल हो गया, तो उसने अपनी शक्ल में प्लास्टिक सर्जरी करवा कर रूप बदल लिया था। उससे चेहरा तो बदल गया था, लेकिन भारत के लोग उनकी आवाज अच्छी तरह पहचानते ही हैं। इसलिए वे बराबर चिल्ला रहे हैं। यह बदल रहे चेहरे से घूम रही वही मुस्लिम लीग है जिसने भारत का विभाजन करवाया था। लेकिन सोनिया जी का कहना है कि यह पुराने वाली मुस्लिम लीग नहीं है। यह नई ताजा मुस्लिम लीग है जिसका पुरानी मुस्लिम लीग से कोई ताल्लुक नहीं है। पता चला है कि कुछ पुराने कांग्रेसियों ने कान में बताया भी कि मैडम, आपको पुरानी वाली का पता नहीं है, क्योंकि आपकी पृष्ठभूमि इटली की है। यह मुस्लिम लीग शत प्रतिशत पुराने वाली मुस्लिम लीग ही है। लेकिन सोनिया गांधी नहीं मानी। वह उसी को सच मानती हैं जो राहुल-प्रियंका-राबर्ट वाड्रा बताते हैं। अब यह नई वाली मुस्लिम इंडी का हिस्सा है। उसका परिणाम भी सामने आने लगा है। सोनिया जी की पार्टी ने अपना जो चुनाव घोषणा पत्र जारी किया है, यदि उसको ध्यान से पढ़ा जाए, जिससे अंग्रेजी वाले 'टू रीड बिटवीन दी लाईन्ज' कहते हैं, तो वह काफी हद तक 1947 से पहले का मुस्लिम लीग के चुनाव घोषणा पत्र का नया संस्करण लग रहा है। अब तवलीन सिंह का कहना है कि आधा हिस्सा कम्युनिस्ट पार्टी का ही है। सोनिया गांधी जी की एक दूसरी समस्या भी है। वह मुस्लिम लीग का समर्थन तो लेना चाहती हैं, लेकिन यह नहीं चाहती कि लोग इसको जान लें। वैसे पूछा जा सकता है कि 'गुड़ तो खाएं, लेकिन गुलगुलों से परहेज' की इस नीति का कारण क्या है। जब अपने चुनाव घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र समेट लिया, अयोध्या में राम मंदिर में आने के निमंत्रण को सार्वजनिक रूप से ठुकरा दिया और मुस्लिम लीग को मंच पर भी बिठा लिया तो अब बचा क्या है? फिर यह हिचकिचाहट कैसी? यह संकट केरल के वायनाड में आया। राहुल गांधी अब उत्तर प्रदेश को छोड़ कर केरल चले गए हैं। केरल में भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र वायनाड को उन्होंने अपने लिए चुना है। सारे देश में उन्हें लोकसभा में जाने के लिए अपनी पार्टी की विचारधारा और उसके अनुरूप मित्रों के कारण वायनाड ही सुरक्षित लगता है। यह पांच साल पहले ही स्पष्ट हो गया था जब राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की जनता ने अमेठी में ठुकरा दिया था और वायनाड ने उन्हें संकट के उस काल में सुरक्षा चक्र प्रदान किया था। तब बहुत से राजनीतिक विश्लेषक मानने लगे थे कि राहुल गांधी अब पांच साल मेहनत करके उत्तर प्रदेश के लोगों का विश्वास जीतेंगे। लेकिन शायद सोनिया परिवार ने यह लंबा रास्ता अख्तियार करने की बजाय वायनाड का सुरक्षा चक्र लेना ही उचित समझा। लेकिन इस बार एक झंझट हो गया। राहुल गांधी दिल्ली से वायनाड तक की लंबी दूरी तय करके लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वायनाड पहुंचे, तो स्वाभाविक ही मन में आया होगा कि शक्ति प्रदर्शन के लिए रोड शो भी कर लिया जाए।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com


## विश्व प्रसिद्ध महावीर जी का आठ दिवसीय लक्खी मेला 18 अप्रैल से

### रविवार 21 अप्रैल को महावीर जयन्ती, बुधवार 24 अप्रैल को निकलेगी विशाल रथयात्रा

**जयपुर (विश्व परिवार)।** पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले, जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2623 वां जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयन्ती) पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला गुरुवार 18 अप्रैल से शुरू होगा।

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मंत्री सुभाष चन्द जैन ने बताया कि गुरुवार 18 अप्रैल को मेले की स्थापना होगी, शुक्रवार 19 अप्रैल को पूजन, भजन, सामूहिक आरती व शास्त्र प्रवचन होंगे। रविवार, 21 अप्रैल को महावीर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें प्रात: कटला प्रांगण से प्रभातफेरी निकलेगी। कटला प्रांगण में झण्डारोहण के बाद जल यात्रा निकाली जायेगी। तत्पश्चात स्कूल में मोदक वितरण, अस्पताल में मरीजों को तथा हिण्डौन जेल में केदियों को फल वितरण किये जायेंगे। दोपहर में श्री वीर संगीत मण्डल जयपुर के सहयोग से सामूहिक पूजन होगा। अपरान्ह कलशाभिषेक के बाद प्रदर्शनी का उदघाटन किया जावेगा। दिव्यांगो को ट्राई साईकिल, कृत्रिम पैर, बैसाखी, कैलीपर्स तथा असमर्थ व विधवा महिलाओं को हाथ की सिलाई मशीनें वितरित की जावेगी। सायकांल सामूहिक आरती के बाद शास्त्र प्रवचन होगें। रात्रि में दिगम्बर जैन आदर्श महिला महाविद्यालय श्री महावीर जी की छात्राओं द्वारा कटला पूर्वी पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जावेगा। सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 8.00 बजे से पर्यटन कला व संस्कृति विभाग राजस्थान के सौजन्य से राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या होगी। सोमवार, 22 अप्रैल को चौबीसी परिसर में वर्धमान विधान, सामूहिक पूजा, सामूहिक आरती, शास्त्र प्रवचन के बाद दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फारम एवर जयपुर द्वारा कटला पूर्वी पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।इसी दिन सांस्कृतिक मंच पर वीणा कैसेट्स जयपुर द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य व लोक गीत कार्यक्रम गोरबंद की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रचार प्रसार मुख्य संयोजक सुरेश सबलावत के अनुसार मंगलवार 23 अप्रैल को श्री वीर संगीत मण्डल जयपुर के सहयोग से सामूहिक पूजा की जाएगी। अपराह्न 4.00 बजे उप जिला कलेक्टर एवं प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष द्वारा मेला निरीक्षण किया जाएगा। सायंकाल सामूहिक आरती के बाद महिला जागृति संघ जयपुर द्वारा कटला पूर्वी पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 8.30 बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का विशाल आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के प्रख्यात कवि अपनी कविताओं के माध्यम से भगवान महावीर के गुणगान करेंगे। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि बुधवार 24 अप्रैल को प्रात: 7.30 बजे चौबीसी परिसर में खडगासन चौबीसी के अभिषेक होगें। दोपहर में 2 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल रथयात्रा निकलेगी जो नदी तट पर जावेगी जहां श्री जी के कलशाभिषेक होगें।

**-विनोद जैन कोटखावदा**

## आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज ससंघ का हुआ श्रवणबेलगोला में भव्य मंगल प्रवेश

**औरंगाबाद (विश्व परिवार)।** श्रवणबेलगोला- इस सदी के सबसे कम उम्र के तपस्वी, मौन साधक सम्मेद शिखर में पारसनाथ टोंक पर साधना करने वाले एवं परम पूज्य तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त एवं इस सदी के महान संत संत शिरोमणि गुरुवर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से सिंह निष्क्रिय व्रत धारण करने वाले परम पूज्य प्रात: स्मरणीय अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज का मंगल साधना स्वर्णभद्र टोंक पर 2022 में संपन्न करने के बाद वहां से 2000 किलोमीटर का मंगल विहार कर तपस्वी सम्राट के समाधी स्थल कुंजवन में 2023 का चातुर्मास में धर्म की डंका बजाकर 7 मार्च 2024 को मंगल विहार कर 35 दिन में इस विषम गर्मी में 651 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर आज विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा गोमटेश्वर बाहुबली भगवान का दर्शन किया। प्रतिदिन के अपनी तप और सामयिक गोमटेश्वर बाहुबली भगवान के चरणों मे विषम गर्मी में किया। इस अवसर पर अन्तर्मना ने आज श्रवणबेलगोला के विन्ध्रश्री पर्वत पर आज के दिन 1044 वर्ष पूर्व भगवान बाहुबली की प्रतिमा का स्थापना हुई थी। जिनका भी दर्शन किया इस अवसर पर अन्तर्मना ने अपनी उवाच में कहा कि जैसा तुम जीना चाहते हो, वैसा ही सब जीना चाहते हैं। जैसे तुम सुख पाना चाहते हो, वैसे ही सब सुख पाना चाहते हैं। जो तुम अपने लिए और अपने परिवार के लिए चाहते हो, वो तुम सबके लिए चाहो। यदि आप नहीं चाहते हैं कि कोई मेरा बुरा करे, नुकसान करे, अपमान करे, तो आप भी दूसरों के प्रति ऐसा ना करें, और जो आप अपने प्रति चाहते हैं कि सब मेरे प्रति प्रेम, सम्मान, सुख, शान्ति, आनंद का व्यवहार करे, तो आप भी आज से ऐसा जीना शुरू कर दें। जो आप अपने प्रति चाहते हैं, वैसा दूसरों के प्रति व्यवहार करना शुरू कर दें, क्योंकि जो जीने की चाह आपके भीतर छुपी है, वैसी चाह पड़ोसी के भीतर भी छुपी है। कहने का अर्थ है - मेरे भीतर और आपके भीतर जो चेतना है, वह एक ही चेतना का फैलाव है। जैसा कर्म करेगा वैसा फल देगा भगवान. इसके पश्चात सभी मंदिर का दर्शन कर रात्रि विश्राम श्रवणबेलगोला में हुआ। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## संसार रूपी समुद्र से देव शास्त्र गुरुओं एवं धर्म का अवलंबन से पार होते हैं : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

**घाटोल (विश्व परिवार)।** शास्त्रों में संसार को समुद्र सागर की उपमा दी है जिस प्रकार समुद्र बहुत गहरा होता है उसका कोई किनारा पास नहीं होता एक बार समुद्र में डूबने पर व्यक्ति का निकलना मुश्किल होता है, उसी प्रकार इस संसार से गृहस्थ का निकलना अत्यंत कठिन है क्योंकि संसारी प्राणी को इसमें सुख नजर आता है इसलिए आप राग मोह के कारण संसार को छोड़ना नहीं चाहते हैं संसार में रहते हुए अनंत काल में अनेक पर्याय बदल ली। यह देशना पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने घाटोल की धर्म सभा में प्रगट की। नगर के मूल नायक श्री वासु पूज्य भगवान 12वें तीर्थंकर है और 24 तीर्थंकरों में वह प्रथम बाल ब्रह्मचारी तीर्थंकर हैं तीर्थंकरों के पास भी धन वैभव लक्ष्मी की कमी नहीं थी उन्होंने अपने राज पाट, महल, परिवार से राग मोह को छोड़ा और जगत के कल्याण की भावना लेकर धर्म कार्य करते हुए तीर्थंकर बने हैं।भगवान समता रूपी धन रखते हैं। तीर्थंकर देवों द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलकर ही संसार समुद्र से पार उतरा जाता है इसलिए तीर्थंकर वाणी धर्म देशना का आश्रय लेकर संसार के समुद्र से पार उतरा जा सकता है।

जैन धर्म अहिंसा प्रधान धर्म है आपके द्वारा प्रतिदिन जो भी क्रिया की जाती है वह विवेक के साथ करना चाहिए क्योंकि श्रावक को श्रद्धावान, विवेकवान और क्रियावान होना चाहिए जिनालय में प्रवेश के समय विवेक पूर्वक कार्य करना चाहिए श्रद्धा विवेक के साथ की जाने वाली क्रिया से मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है।आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व आर्यिका श्री महायश मति माताजी ने उपदेश में बताया कि संसार में गुरु का उपदेश और वचन ग्रहण करने योग्य हैं क्योंकि गुरु के वचन हितकारी होते हैं, उपकारी होते हैं कल्याणकारी होते हैं, गुरु के वचन सामान्य वचन नहीं होते। इसलिए गुरु के वचनों को सुनकर ग्रहण करें, उन्हें समझ कर चिंतन करें और जीवन में उतारने का प्रयास करें माताजी ने एक ग्वाले और मुनिराज के कथानक के माध्यम से बताया कि एक ग्वाले ने मुनिराज की जंगल में रात्रि भर सुरक्षा की, सेवा की। प्रात: मुनि राज ने नमो अरिहंतानम का एक छोटा मंत्र जाप करने को दिया वह ग्वाल दिनभर मंत्र का जाप करता था एक बार ग्वाले की गाय नदी में चली गई उन्हें बचाने में वह डूब गया किंतु डूबते हुए भी उसने नमोकर मंत्र का जाप नहीं छोड़ा उसे मंत्र के जाप से उसकी गति सुधर गई और वह आगामी जीवन में सेठ सुदर्शन बना सेठ सुदर्शन ने भी जीवन में धर्म कर बाद में वह भी मोक्ष गामी हो गए। इसलिए गुरु के वचनों का बहुत प्रभाव होता है गुरु के वचनों से जीवन में आमूलचूल परिवर्तन होता है इसलिए गुरु के वचनों को जीवन में चरितार्थ कर धारण करना चाहिए। माता जी ने तीन प्रकार के व्यक्तियों की विवेचना कर बताया कि कोई मनुष्य परोपकारी होते हैं कोई स्वउपकारी होते हैं और तीसरे प्रकार के मनुष्य स्व पर उपकारी होते हैं परोपकारी मनुष्य नदी के पुल के समान होते हैं जिस पर चलकर व्यक्ति पुल पर से पार हो जाता है किंतु पुल वहीं का वहीं रहता है। दूसरे प्रकार के स्वपरोपकारी होते हैं जो मुक्त केवली होते हैं या नदी में तैरने वाला तैराक जो स्वयं पार हो जाते हैं तीसरे प्रकार के स्व पर उपकारी अरिहंत भगवान, तीर्थंकर आचार्य साधु परमेष्ठी होते हैं यह नाव के समान होते हैं जिस पर जो बैठता है वह भी नदी से पार होता है और नाव भी नदी से पार हो जाती है इसी कारण गुरु को तरण तारण कहा गया है जो संसार समुद्र से खुद भी तैरते हैं और दूसरों को भी तिराते हैं गुरु के सानिध्य में व्रत ग्रहण करना चाहिए नियमों के प्रति आस्था विश्वास श्रद्धा होना चाहिए इसी प्रकार हमारे को श्रद्धा भक्ति आस्था विश्वास जिनेंद्र भगवान के प्रति होना चाहिए।श्रावको को जीवन में आगे बढ़ने के लिए 12 प्रकार के व्रत का पालन करना चाहिए तभी आपका जीवन सार्थक होगा आर्यिका माताजी ने आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज का गुणानुवाद कर बताया कि वह अपने व्रत नियम के प्रति सजग रहे उन्होंने मुनियों का मार्ग दिखलाया, जिनवाणी और जिनालयों का संरक्षण किया आज आचार्य शांति सागर जी के संदेश को घर-घर पहुंचना समाज का कर्तव्य है माताजी ने आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का गुणानुवाद में बताया कि आचार्य श्री में चुंबक जैसे गुण है जिस प्रकार चुंबक ठोस होता है वैसे ही आचार्य ज्ञान में ठोस है चुंबक से किरणें निकलती है उसी प्रकार आचार्य श्री के वचनों देशना से ज्ञान की किरणें निकलती है, चुंबक से रोग का उपचार थेरेपी की जाती है उसी प्रकार आचार्य श्री भव संसार से पार उतरने का मार्ग दिखलाते हैं। जिस प्रकार चुंबक लोहे को आकर्षित करता है वैसे ही आचार्य श्री अपने वात्सल्य से सबको मुग्ध कर देते हैं माताजी ने बताया कि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का जीवन दीर्घकालीन दीक्षित होकर वर्तमान में श्रेष्ठ आचार्य हैं आपमें पूर्वाचार्यों के सभी गुण विद्यमान है आचार्य शांति सागर जी जैसी निर्भयता, श्री वीर सागर जी जैसी निर्मलता श्री शिव सागर जी जैसा अनुशासन और धर्म सागर जी जैसे निस्पृहता और अजीत सागर जी जैसी चिंतन शक्ति ज्ञान विद्यमान है। आचार्य श्री संघ का 15 अप्रैल को विहार होकर आहार चर्या देवदा में हुई आपका विहार बांसवाड़ा की ओर चल रहा है। **-राजेश पंचोलिया**

## बुन्देलखण्ड भूषण-2024 से सम्मानित हुए पद्मश्री कैलाश मड़बैया

**छतरपुर (विश्व परिवार)।** बुन्देली भाषा सम्मेलन बुन्देलखण्ड द्वारा छतरपुर में सम्पन्न एक भव्य राष्ट्रीय समारोह में, प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ.कैलाश मड़बैया भोपाल को उनके राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यिक उपलब्धियों एवं बुन्देलखण्ड को सत्त अवदान के लिये 'बुन्देलखण्ड भूषण-2024' उपाधि से अलंकृत किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्री रमेश चौरसिया ने की व संचालन डॉ. मनोज मनसिज ने संभाला। विशिष्ट अतिथि के रुप में साहित्यकार वृन्दावन राय सरल, षंकर लाल सोनी, अवीन्द्र खरे, सत्यनारायण तिवारी आदि ने भी मड़बैया जी को बुंदेलखण्ड भूषण की उपाधि स्वरुप स्वर्णिम सम्मान पत्र, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, मणिमाल आदि भेंट किये। समारोह में पद्म श्री साहित्यकार डॉ. कैलाश मड़बैया ने मुख्य अतिथि बतौर, श्रीमती शोभा शर्मा द्वारा सम्पादित 51 कवियों के सपरिचय काव्य संकलन 'बुन्देलखण्ड के रवनाकार' पुस्तक का लोकार्पण करते हुये, 1988 में प्रकाशित पहले ऐसे ही संदर्भित प्रकाषित ग्रंथ 'महक माटी' का उल्लेख किया। श्री मड़बैया ने जिला बुंदेली सम्मेलन छतरपुर-अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद की गकाई, का भी ज्योति प्रज्वलन कर उद्घाटन किया व विमोचित पुस्तक में प्रकाशित कवियों को पुस्तक की प्रति भेंट व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। समारोह के प्रारंभ में श्री कैलाष मड़बैया रचित 'बुन्देलखण्ड राज्य गीत- हमारी माटी बुंदेली' की सांगीतिक प्रस्तुति लोकगायक सत्यनारायण तिवारी टीकमगढ़ द्वारा की गई।

## 21 अप्रैल को भगवान महावीर जन्मकल्याणक के एक सप्ताह पूर्व से देशभर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों से महोत्सव का शुभारंभ : विश्व जैन संगठन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि भगवान महावीर के जन्मकल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में जैन समाज द्वारा जैन मंदिरों, तीर्थो पर विशेष पूजा विधान के साथ निशुल्क चिकित्सा शिविरों, समाज कल्याण कार्यों और विशाल शोभा यात्राओं के आयोजनों के साथ मनाया जायेगा।

विश्व जैन संगठन महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका रुचि जैन के संयोजन में आज 14 अप्रैल को अहिंसाधाम भगवान महावीर मेडिकल सेंटर, पटपड़गंज द्वारा 100 वर्ष प्राचीन हीरा लाल जैन सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सदर बाजार में जैन शिक्षा प्रचारक सोसायटी, स्कूल प्रबंधक समिति और प्रिंसिपल डॉक्टर निर्मल जैन व अध्यापकों के सहयोग से बच्चों के लिए निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में बच्चों की सामान्य जांच के साथ आंखों, दांत, हड्डियों, फेफड़ों और रक्तचाप, ब्लड शुगर की निशुल्क जांच की गई। संगठन के सम्मानित सदस्य अनुज जैन, लक्ष्मी नगर और मीडिया प्रभारी आकाश जैन ने सभी बच्चों को पेंसिल सेट, कलर और अल्पाहार वितरित किया। संगठन के अध्यक्ष संजय जैन और सम्मानित सदस्य निपुण जैन द्वारा स्कूल को जैन धर्म व अहिंसा की पुस्तकों का सेट और सह मंत्री मनीष जैन, प्रचार मंत्री प्रदीप जैन व युवा प्रकोष्ठ से देवेश जैन ने संगठन की और से बच्चो को शाकाहार के लाभ और प्रेरक कहानियों की पुस्तकें भेंट की। **-आकाश जैन**

## कुण्डलपुर में आज होगा आचार्य पद पदारोहण कार्यक्रमसर संघ संचालक मोहन भागवत एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव आएंगे

**कुण्डलपुर (विश्व परिवार)।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में बड़े बाबा की छत्रछाया में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पावन परम्परा के संवाहन हेतु प्रस्तावित भावी आचार्य पद पदारोहण के लिए 16 अप्रैल को विविध कार्यक्रम किए जायेंगे। महोत्सव समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल को 1:00 बजे चल समारोह के रूप में सभी साधुगण को पंडाल तक ले जाया जाएगा। वहां पहुंचकर पहले ध्वजारोहण होगा। तत्पश्चात पंडाल जिसका नाम विद्यासागर मंडपम दिया गया है इसका उद्घाटन होगा। पंडाल में निर्मित रैंप पर चलकर पूरा मुनि संघ मंच पर विराजमान होगा। मंच का संचालन निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियम सागर जी महाराज, मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज, आर्यिका रत्न श्री पूर्णमति माताजी करेंगी। मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन, चित्र अनावरण किया जाएगा। श्रावक श्रेष्ठि, उपस्थित विशाल जन समूह आचार्य पद ग्रहण करने हेतु पूज्य मुनि श्री से निवेदन करेगा। परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का उत्तरदायित्व संभालने पूरे देश की समाज मुनि श्री से निवेदन करेगी। मुनि संघ, आर्यिका संघ, ऐलक संघ, क्षुल्लक संघ, ब्रह्मचारी भैया जी, दीदी जी भी निवेदन करेंगे।चौक पूरा जाएगा, कलश रखे जाएंगे, सिंहासन रखा जाएगा और नए आचार्य को सिंहासन पर बिठाया जाएगा। श्रेष्ठीजन सभी मिलकर पाद प्रक्षालन करेंगे।अतिथियों का उद्बोधन होगा। आचार्य महाराज जी का उद्बोधन होगा। राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा से प्राप्त जानकारी संकलन **अभिषेक जैन लुहाड़िया** रामगंजमंडी की रिपोर्ट।

## श्रुत की सेवा से मिलती है मुक्ति की मेवा : डॉ. रेणु जैन

### भारत गौरव सम्मान से सम्मानित, श्रुत आराधिका की उपाधि से अलंकृत

### श्रुत सेविका एवं सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भी घोषित

**सहारनपुर/उप्र (विश्व परिवार)।** जिनवाणी सुरक्षा एवं सज्जा अभियान की संस्थापिका डॉ. रेणु जैन (अध्यक्षा श्री दि. जैन महिला समाज, सहारनपुर उप्र) ने जिनवाणी मॉ के प्रति भक्ति भावना से अभिभूत होकर देश व देशान्तर में सहारनपुर के एक दि. जिनालय से प्रारम्भ करके 25 जिनालयों तक तथा सिंगापुर सहित भारतवर्ष के 3191 दि. जैन जिनालयों, तीर्थ क्षेत्र, अतिशय क्षेत्र एवं सिद्ध क्षेत्रों की संयोजिका मनोनीत कर जिनवाणी मॉ के प्रति सेवा भावना सबके हृदय मे जागृत करने का एक अविस्मरणीय कार्य किया।इसके लिए आपका जितना भी सम्मान किया जाए कम ही होगा वो शब्दो में नहीं लिखा जा सकता। डॉ. रेणु जैन जी से हुई एक स्नेह भेट में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि पत्रकार को बताया कि वैद्यराज श्री सुशील कुमार जैन आरोग्य भारती, जयपुर की पावन प्रेरणा से ही मैं देव शास्त्र गुरु से सम्बन्धित धर्म प्रभावना के कार्यो में संलग्न हूँ तथा यह भी बताया कि उन्होंने प्रण किया है कि जब तक देश व देशान्तर के प्रत्येक दि0 जिनालय की मॉ जिनवाणी सुरक्षित, सज्जित व व्यवस्थित नही होगी तब तक उनके इस पथ पर बढ़ते कदम रुकेंगे नहीं। उन्हें London Book Of World Records द्वारा श्रुत आराधिका की उपाधि से तथा India Proud Book Of Records द्वारा भारत गौरव सम्मान एवं श्रुत सेविका व सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता की उपाधि से तथा आर्यिकारत्न 105 पुनीत चैतन्यमति माता जी द्वारा श्राविकारत्न आदि की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

प्रतिवर्ष श्रुत पंचमी पर्व पर वे अखिल भारतीय जिन वाणी सज्जा प्रतियोगिता आयोजित कर सम्पूर्ण भारतवर्ष की विजेता संयोजिकाओ को अपनी भूषण स्वरूप मुकेश कुमार जैन चैरिटेबल ट्रस्ट मेरठ के सौजन्य से शील्डे प्रेषित कर सम्मानित करती हैं। अपने पतिदेव श्री विनय कुमार जैन के अनुपम सहयोग से वे जिनवाणी सज्जा के हस्त निर्मित सामान के पैकिट बनाकर सभी तीर्थ क्षेत्रों व जिनालयो की संयोजिकाओं को भेंट स्वरूप प्रदानकर उत्साहित करती हैं। उनके द्वारा सम्पादित व प्रकाशित श्रुतधारा व सल्लेखना दर्शन को पढ़कर जन जन लाभान्वित हुआ। श्री दि. जैन महिला सल्लेखना सेवा मण्डल, सहारनपुर की संस्थापिका अध्यक्षा के रूप में एक मुख्य शाखा एवं 17 उपशाखाएं बनाकर तथा प्रत्येक उपशाखा की एक अध्यक्षा नियुक्त कर अन्तिम समय में जीव को सम्बोध कर, त्याग कराकर, उसके भावो को धर्ममय बनाने का कार्य भी उनका अति सराहनीय है।

मैं पारस जैन पार्श्वमणि भारतवर्ष के सम्पूर्ण जैन समाज से आत्मीय निवेदन करता हूँ कि जिनवाणी मॉ के प्रति सेवा भावना से ओत प्रोत मधुर भाषिणी डा0 रेणु जैन जी के साथ जो दि. जैन जिनालय, तीर्थ क्षेत्र, अतिशय व सिद्ध क्षेत्र आदि अभी तक नही जुड़ पाये हैं वहाँ से सम्बन्धित बहने उनके मो0 न0 7060164200 पर उनसे सम्पर्क करके, मॉ जिनवाणी के सेवा के परम पुनीत कार्य को अनन्त ऊँचाइयों को प्राप्त कराने में अपना सकल सक्रिय अतुलनीय अविस्मरणीय सहयोग प्रदान करते हुये महान पुण्यार्जन करें। इसी मंगलमय भावनाओं के साथ आपका अपना **-पारस जैन पार्श्वमणि।**

## जन्म कल्याणक महोत्सव में चारो ओर गूंज रहा महावीर का संदेश, जैन डॉक्टर्स सम्मानित

### सिटी कोतवाली में वाटर कूलर का लोकार्पण, राजधानी के अनाथ आश्रम से मूक बाधिर बच्चों के साथ गेम खेल कर आवश्यक वस्तु वितरण

### जैन व्यापार मेला, जैन गोट टेलेंट का आयोजन 17 अप्रैल तक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भगवान महावीर जयंती उत्सव समिति 2024 द्वारा दिनांक 6 अप्रैल से 15 दिवसीय धार्मिक, सामाजिक, जीवोदया, प्रभात फेरी के साथ अनेकों कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन समाज के विभिन्न मंडलों एवं संस्थाओं द्वारा किया रहा है।जिसमे आज दिनांक 14 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे प्रतिदिन की तरह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी श्री श्री शीतलनाथ जिनालय सेक्टर-2 देवेन्द्र नगर से वर्धमान वाटिका, सेक्टर- देवेन्द्र नगर में समाप्त हुई। जहा कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ, रायपुर के सदस्य के साथ बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।प्रभात फेरी में बच्चो ने धार्मिक एवं सामाजिक संदेश के लिए वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस में भाग लिया।

**जैन डॉक्टर्स सम्मानित :** जैन समुदाय भारतीय समाज में सर्वाथा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहा है, नैतिकता, अहिंसा, संयम और सेवा के मूल्यों को प्रोत्साहित करता है। और समाज को एक सामूहिक सोच और समरसता की दिशा में प्रेरित करता है। 2024 के 14 अप्रैल को रात 7 बजे, दादाबाड़ी तीर्थ, रायपुर में जैन डॉक्टर्स रत्न सम्मान 2024 का आयोजन किया गया। इस समारोह में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश श्री गौतम चौराडिया, पद्मश्री डॉ पुखराज बफना और विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत के कर कमलों से डॉक्टर्स का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसे एनजीओ प्रकाशचंद तारादेवी सिंगी फाउंडेशन और बोथरा परिवार का समर्थन व समन्वय प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम के संयोजन एवं मार्गदर्शक राजेंद्र पारख, तरुण कोचर, लोकेश चंद्रकांत जैन थे।

उमंग एक पहल ग्रुप द्वारा 14 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे जैन ध्वजारोहण एवं वाटर कूलर का अनावरण महावीर स्तंभ कोतवाली के सामने किया जा गया है। जिसमे भीषण गर्मी को देखते हुए मानव सेवा हेतु एक ठंडे पानी का वाटर कूलर सुबह 11 बजे सिटी कोतवाली थाने के बाहर लगाया गया। उमंग एक पहल ग्रुप विगत कई वर्षों से मानव सेवा के कार्य कर रहा है जिसमे संस्था के सभी सदस्य राशि इकट्ठा कर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन करते है। इस कार्यक्रम में विष रूप से प्रीति दुग्गड, आरती गोलछा, चित्रा सुराना, योगिता कोचड़ आदि उपस्थित थी।

राजधानी के अनाथ आश्रम से मुक बाधिर बच्चो के साथ गेम खेल कर आवश्यक वस्तु वितरण की गई। जीतो युवा विंग द्वारा आज विचक्षण जैन विद्यापीठ न्यू राजेंद्र नगर में राजधानी के विभिन्न संस्थाओं से आए मुक बधिर विकलांग बच्चों के अलग अलग कार्यक्रम किए गए जिसमे सभी बच्चो से गेम खेले, पेंटिंग की, डॉक्टर्स से सभी की आखों को जांच की गई।जागरूकता शिविर, के साथ बच्चो को मैजिक शो दिखाया गया। साथ में सभी बच्चो को भोजन करवाया गया एवं बच्चो को आवश्यक वस्तुओ का वितरण भी किया गया। आज कुल 90 बच्चे उपस्थित थे। जो को रायपुर के कोपल वाणी राजेंद्र नगर से 18 बच्चे डंगनिया से 55 बच्चे, शैलेंद्र नगर से 17 बच्चे आए थे।अंत में सभी पर पुष्प वर्षा कर सभी का हार्दिक अभिनंदन सम्मान भी किया गया।

दिनांक 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक जैन व्यापार मेले का भी आयोजन सुबह 11 बजे किया गया है। संस्था की प्रणिता जी सेठिया ने बताया की।जिसमे पूरे भारत वर्ष में जैन समाज की वह महिलाए जो घर बैठे कार्य तो कर रही है। परंतु उनके द्वारा निर्मित वस्तुओ को विक्री करने हेतु सही बाजार उपलब्ध नही हो पा रहा है। उनको उनके द्वारा निर्मित वस्तुओ को विक्रय हेतु एक प्लेटफार्म निर्मित किया गया। जहा स्टॉल लगा कर अपनी वस्तुओ का विक्री कर उचित लाभ कमा सकती है यह मेला विगत 15 अप्रैल 2014 से निरंतर लगाया जा रहा है। साथ ही शाम 7.30 बजे सकल जैन समाज के बच्चे जैन गॉट टैलेंट शो के जरिए अपनी अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

सुबह 10 चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसे खतरगच्छ महिला मंडल, रायपुर द्वारा महाविदेह सीमंधर मंदिर मेंआयोजित किया गया। सुबह 11 बजे रायपुर श्रमण संघीय आनंद महिला मंडल द्वारा अनाथ आश्रम में आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। सुबह 11:00 शरबद वितरण नवकार महिला मंडल द्वारा गोल चौक डी डी नगर में किया गया।दोप. 2:00 म्यूजिकल गवली प्रतियोगिता का आयोजन श्री ऋषभ बहुमंडल, रायपुर द्वारा विवेकानंद नगर जैन मंदिर में किया गया।दोप. 3:00 श्री मोक्ष की सीढ़ी कुंथु नाथ महिला मंडल द्वारा श्री कुन्थुनाथ जिनालय, फाफाडीह तेरापंथ युवक परिषद् में किया गया। दोपहर 4 बजे मेकिंग ऑफ़ कार्ड्स श्री दिगंबर जैन महिला मंडल द्वारा दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में आयोजन किया गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर मंगलवार 16 अप्रैल 2024



## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव ड्यूटी में लगे होम गार्ड के जवानों और ड्राइवर्स को भरवाए गए डाक मतपत्र के फॉर्म

**रायगढ(विश्व परिवार)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में रहने वाले सुरक्षा कर्मियों तथा अन्य व्यक्तियों अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न हो इसके लिए डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाती है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के डाक मतपत्र भरवाने का अभियान चल रहा है। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इसी क्रम में नगर सैनिकों को डाक मतपत्र के आवेदन भरवाए गए। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पोस्टल बैलेट शाखा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा ने बताया कि सेनानी होम गार्ड कार्यालय में इसके लिए विशेष कैंप लगाया गया था। जहां जिला सेनानी श्री बी कुजूर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर 120 नगर सैनिकों के फॉर्म भरवाए गए हैं। इसी क्रम में गत दिवस चुनाव कर्मियों को मतदान ड्यूटी में लाने ले जाने में संलग्न बस के ड्राइवर और क्लीनर्स को डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने के बारे में जानकारी दी गई। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित कैंप में 120 ड्राइवर और क्लीनर को डाक मत पत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उनके फॉर्म भरवाए गए। जिससे मतदान दिवस पर ड्यूटी में होने के कारण वे वोट देने के अपने अधिकार से वंचित न हों।

### नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** 22 वर्षीय रामेश्वरी मंझवार की संदिग्ध मौत के मामले में उरगा पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम किया है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पंचनामा और आगे की कार्रवाई कराई गयी। पुलिस ने बताया कि रामेश्वरी का शव उसके मकान में पाया गया। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध पाया गया है। उसकी मौत को लेकर संबंधितों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के साथ इस मामले में अगली कार्रवाई की जायेगी।

### पुलिस से बचने नक्सली भारी विस्फोटक, छोड़कर भागे

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत भैरमगढ़ एरिया कमेटी के मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर के साथ अन्य नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों के द्वारा संभावित स्थान पर दबिश दी गई। जंगल- पहाड़ का फायदा उठाकर नक्सली भाग खड़े हुए। मौके से हथियार, विस्फोटक एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया। पुलिस की जारी विज्ञप्ति अनुसार 13 अप्रैल को थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर सोमलू, जनताना सरकार अध्यक्ष रामधर बेक्को एवं 5-6 माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर कैंप केशकुतुल से केरिपु 199/सी कम्पनी की टीम सुराखेड़ा की ओर निकली थी। सुरक्षा बलों के द्वारा संभावित स्थान पर दबिश दी गई, सुरक्षा पार्टी को देखकर उपस्थित माओवादी विपरीत दिशा में जंगल, पहाड़ का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। आसपास क्षेत्र का सर्च के दौरान मौके से एक भरमार, स्टील कंटेनर, डेटोनेटर, स्प्लिंटर, यूरिया, इलेक्ट्रिक वायर, तीर-धनुष, दवाईया एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया। क्षेत्र में लगातार गश्त सर्चिंग जारी है।

### 88 वर्षीय संतूमल ने कहा- आई विल साइन इन इंग्लिश

**कांकेर(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत आज से 16 अप्रैल तक 85 वर्ष से अधिक आयु वाले और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर जाकर वोट करने की सुविधा दी जा रही है। कांकेर नगर के जनकपुर वार्ड क्रमांक 10 में बस्तर मुख्यमार्ग पर स्थित खटवानी निवास में आज सुबह 11 बजे मतदान अधिकारियों का दल पहुंचा, जहां पर 88 वर्षीय वयोवृद्ध श्री संतूमल खटवानी से डाक मतपत्र के जरिए मतदान कराया जाना था। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह भी आकस्मिक रूप से वहां पहुंच गए। अपने बेटे के सहारे पहुंचे श्री संतूमल को पहले होम वोटिंग की सुविधा के बारे में बताया गया तथा मतदान अधिकारी फॉर्म में हस्ताक्षर करने के बारे में पूछा। इस पर वयोवृद्ध श्री खटवानी का तपाक से जवाब आया- यस..। एण्ड आई विल साइन इन इंग्लिश... (मैं अंग्रेजी में हस्ताक्षर करूंगा)। इस पर वहां उपस्थित सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी और मतदान दल के अधिकारियों ने उनके इस जज्बे की सराहना की। कलेक्टर श्री सिंह ने वोटिंग के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वे जब से वयस्क (21 वर्ष के) हुए तब से लगातार वोट करके लोकतंत्र के प्रति सर्वोच्च कर्तव्य का निर्वहन करते आ रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, बालकोनगर क्षेत्र में चक्काजाम

## रिंगरोड के विकल्प के बावजूद शहर के भीतर से दौड़ रहे भारी वाहन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दो दिन के भीतर सडक दुर्घटना में एक आटो चालक सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत और कुछ लोगों के घायल होने से नाराज लोगों ने बालकोनगर क्षेत्र में मुख्य मार्ग को बाधित कर दिया। चक्काजाम आज भी जारी है, लोग मांग कर रहे है कि इस रास्ते से भारी वाहनों का आवागमन बंद किया जाये। मामले को देखते हुए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी यहां पहुंचे। ज्ञात हो कि दो दिन के भीतर घटनाक्रम में बालकोनगर मेनरोड पर सवारी आटो को एक भारी वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में आटो चालक मनोज लहरे की मौत हो गयी। आटो में सवार 5 से अधिक लोग घायल हो गये। बताया गया कि भारी वाहन की टक्कर से आटो सडक पर पलट गया था। गंभीर चोट के कारण चालक को बचाया नहीं जा सका। घायलों को कोरबा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उपचार जारी है। इससे एक दिन पहले इसी क्षेत्र में हुई दुर्घटना में बाईक सवार तीन युवकों की जान चली गई। कहा गया कि वे भारी वाहन से भिड़े थे। घटनाक्रम से आस-पास के लोग नाराज हो गये। उन्होंने माना की इस प्रकार के मामले भारी वाहनों की वजह से हो रहे है। उनके द्वारा वाहनों को बंद करने की मांग को लेकर चक्काजाम शुरू कर दिया। यह आज दुसरे दिन भी जारी है। मार्ग पर चक्काजाम होने के कारण दोनों दिशाओं में सैकड़ों की संख्या में वाहन थमे हुए है। उन्हें गंतव्य को जाने का रास्ता नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र में सामान्य आवाजाही भी इस वजह से बाधित है। अर्से की राहत के बाद एक बार फिर शहर के भीतर से कोयला और अन्य भारी वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। यह सब तब हो रहा जब क्षेत्र में रिंगरोड का विकल्प है। नई व्यवस्था प्रारंभ होने से मुख्य मार्ग पर परेशानी उत्पन्न हो रही है और हादसे की आशंका को मजबूती मिली है।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए पोस्टर के माध्यम से दिया जा रहा संदेश

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। चौक-चौराहों, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, वाहनों, एटीएम, घर-घर सहित विभिन्न स्थानों पर स्वीप का संदेश पोस्टर के माध्यम से चस्पा किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर टू डोर मतदाता जागरूकता के लिए संदेश दिया जा रहा है एवं पोस्टर चस्पा किया जा रहा है।

# बसना और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सीलिंग दलों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ईवीएम को सीलिंग कर तैयार करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा विधानसभावार अलग-अलग दलों का गठन किया गया है। जिसमें से बसना और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सीलिंग दलों को जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री रवि साहू , एसडीएम बागबाहरा श्रीमती सृष्टि चंद्राकर , एसडीएम बसना श्री रविराज ठाकुर उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपीएटी को तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में इस बार नोटा सहित कुल 18 अभ्यर्थी हैं इसलिए प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए दो - दो बैलेट यूनिट तैयार किया जाना है। पहले बैलेट यूनिट में एक से लेकर सोलह तक के अभ्यर्थियों का मतपत्र लगाया जाएगा तथा उसके थंब व्हील को जीरो वन पर सेट करना होगा। इसी तरह दूसरे बैलेट यूनिट में सत्रह और अठारहवें नंबर का अभ्यर्थी जो कि नोटा होता है, उनका मतपत्र लगाया जाएगा तथा उसके थंब व्हील को जीरो टू पर सेट करना होगा। इसके बाद कंट्रोल यूनिट में बैटरी तथा वीवीपीएटी में बैटरी और पेपर रोल लगाकर उन्हें भी तैयार करना होगा। उन्होंने मशीनों को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैलेट यूनिट नंबर दो का केबल बैलेट यूनिट वन से, बैलेट यूनिट वन का केबल वीवीपीएटी से तथा वीवीपीएटी का केबल कंट्रोल यूनिट में जाकर लगेगा। इसके बाद माकपोल करना होगा। माकपोल के बाद कंट्रोल यूनिट से मतों को डिलीट करना तथा वीवीपीएटी के ड्राप बाक्स को खाली भी करना होगा। इन सभी प्रक्रियाओं को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रैक्टिकल करके सिखाया गया तथा सीलिंग दलों के समस्त सदस्यों द्वारा भी स्वयं प्रैक्टिकल किया गया। इस बार सीलिंग कार्य के महिला अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई हैं। उन्हें समस्त प्रक्रियाओं के बारे में विशेष रूप जानकारी देते हुए उनके सभी संदेहों का मास्टर ट्रेनर द्वारा समाधान किया गया।

# ऑब्जर्वर और कलेक्टर की मौजूदगी में घर पर मिली वोटिंग सुविधा से अभिभूत हुए वयोवृद्ध

**लोकसभा आम निर्वाचन-2024**

**कांकेर(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत आज से 16 अप्रैल तक 85 वर्ष से अधिक आयु वाले और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर जाकर वोट करने की सुविधा दी जा रही है। कांकेर नगर के जनकपुर वार्ड क्रमांक 10 में बस्तर मुख्यमार्ग पर स्थित खटवानी निवास में आज सुबह 11 बजे मतदान अधिकारियों का दल पहुंचा, जहां पर 88 वर्षीय वयोवृद्ध श्री संतूमल खटवानी से डाक मतपत्र के जरिए मतदान कराया जाना था। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह भी आकस्मिक रूप से वहां पहुंच गए। अपने बेटे के सहारे पहुंचे श्री संतूमल को पहले होम वोटिंग की सुविधा के बारे में बताया गया तथा मतदान अधिकारी फॉर्म में हस्ताक्षर करने के बारे में पूछा। इस पर वयोवृद्ध श्री खटवानी का तपाक से जवाब आया- यस..। एण्ड आई विल साइन इन इंग्लिश... (मैं अंग्रेजी में हस्ताक्षर करूंगा)। इस पर वहां उपस्थित सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी और मतदान दल के अधिकारियों ने उनके इस जज्बे की सराहना की। कलेक्टर श्री सिंह ने वोटिंग के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वे जब से वयस्क (21 वर्ष के) हुए तब से लगातार वोट करके लोकतंत्र के प्रति सर्वोच्च कर्तव्य का निर्वहन करते आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर और मतदान अधिकारियों के साथ फोटो भी खिंचाई। होम वोटिंग फैसिलिटी के बारे में श्री खटवानी और उनके बेटे ने कहा कि उनके जैसे उम्रदराज लोगों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं है।

### शतायु पार करने वाली खुंगी बाई और सोमारी बाई ने घर पर मतदान कर लोकतंत्र के प्रति निभाई जिम्मेदारी

**कांकेर(विश्व परिवार)।** लोकसभा आम निर्वाचन में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 से अधिक आयु वर्ग के तथा दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। इसी के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के ग्राम कालागांव निवासी 101 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता श्रीमती खुंगी बाई ने आज घर पर ही डाक मतपत्र से मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने बताया कि पहले वे मतदान केंद्र में वोट डालने मतदान केंद्र जाती थी, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ अब चलने-फिरने में असमर्थ हैं, जिससे मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकतीं। वे गत वर्ष 2023 में भी विधानसभा निर्वाचन के दौरान डाक मतपत्र से मतदान की हैं और इस बार भी उन्हें होम वोटिंग की सुविधा का लाभ मिला है। जिला निर्वाचन कार्यालय से रवाना होकर आज मतदान दल की टीम ने भानुप्रतापपुर विकासखंड के दूरस्थ इलाके में स्थित कालागांव में श्रीमती खुंगी बाई नुरेटी के घर पहुंचकर उन्हें सहायक के माध्यम से डाक मतपत्र से मतदान करवाया। निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही मतदान की सुविधा मिलने से वे अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मतदान दल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सोमारी बाई ने भी किया मतदान - इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के ही ग्राम महेन्द्रपुर निवासी 101 वर्षीय वरिष्ठ महिला मतदाता श्रीमती सोमारी बाई नरेटी ने भी घर पर ही डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान दलों ने उनके स्वयं के द्वारा मत डालने में असमर्थ होने पर एक सहायक के माध्यम से डाक मतपत्र से मतदान करने की प्रक्रिया पूरी कराई गई।

# 98 की उम्र में दिखा 18 का जज्बा, डाक मतपत्र से वोट करके नोहरूराम की खिलीं बांछें

**लोकसभा आम निर्वाचन-2024**

**कांकेर(विश्व परिवार)।** अपने मताधिकार को लेकर सिर्फ साक्षर ही नहीं, निरक्षर मतदाता भी जागरूक हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके चलते बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। आज से 16 अप्रैल तक मतदान दलों के द्वारा घर-घर जाकर ऐसे मतदाताओं से मतदान कराया जा रहा है। ऐसा ही एक वाकया जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 79 में ग्राम डोंगापारा में देखने को मिला, जहां 98 साल के वयोवृद्ध श्री नोहरूराम मातलाम ने डाक मतपत्र के ज़रिए स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाई। उम्र के इस पड़ाव में भी वोट करने को लेकर उनका जज्बा देखते ही बन रहा था। 98 की आयु में भी 18 साल के वयस्क की मानिंद उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और हर्ष स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा था। लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने घर पर डाक मतपत्र से मतदान करने के बाद बहुत ही उत्साहित नजर आए। मतदान साथी के रूप में उनके बेटे श्री कंकाल राम मातलाम नें मतदान करने में सहयोग किया और बताया की उनके परिवार में कुल 12 सदस्य हैं, जिनमें 10 वोटर्स हैं और 02 अवयस्क हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी लोग एक साथ मतदान देने जाते थे लेकिन अभी अधिक उम्र होने के कारण उनके पिता मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ थे। इस बार चुनाव आयोग द्वारा होम वोटिंग सुविधा प्रदान की गई है जिसके चलते वह वोट कर पाए। मतदान केन्द्र तक जाने में असुविधा होने वालों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई होम वोटिंग सुविधा के लिए श्री नोहरू राम ने मुक्तकण्ठ से सराहना की।

# मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए जरूरी निर्देश

**मॉक पोल, ईडीसी, अभिकर्ता नियुक्ति, ईव्हीएम-व्हीव्हीपैट पर पूछे सवाल**

**कांकेर(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के दूसरे चरण में लोकसभा क्षेत्र कांकेर में आगामी 26 अप्रैल को लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग सुबह सात बजे से अपराह्न तीन बजे के बीच करेंगे। इसके तहत मतदान शांतिपूर्ण, निर्विघ्न व निष्पक्षता से सम्पन्न हो, इसके लिए आज मतदान अधिकारियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में कांकेर के नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेंट माइकल स्कूल और जेपी इंटरनेशनल स्कूल में मतदान अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने इन प्रशिक्षण केन्द्रों में जाकर मतदान अधिकारियों से मतदान से संबंधित सवाल पूछे। उन्होंने मॉक पोल, अभिकर्ता की नियुक्ति, ईडीसी का उपयोग, वास्तविक मतदान, ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट को कनेक्ट व ऑपरेट करने, प्रत्येक दो घण्टे में दी जाने वाली मतदान प्रतिशत की जानकारी से संबंधित अनेक जरूरी सवाल मतदान अधिकारियों से पूछे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह साफतौर पर कहा कि निर्वाचन के किसी प्रकार की चूक के दूरगामी और नकारात्मक परिणाम आते हैं। ऐसे संवेदनशील मामलों पर आयोग द्वारा संज्ञान में लेकर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ अविलम्ब अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाती है। अत: प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली पीठासीन की डायरी व अन्य बुकलेट का अच्छे से अध्ययन करें, जिससे किसी भी स्थिति में आयोग द्वारा निर्धारित नियमानुसार अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करें। साथ ही यह भी कहा कि किसी प्रकार की त्रुटि हो, उससे बेहतर होगा कि मास्टर ट्रेनर्स के अलावा अपने उच्चाधिकारी (सेक्टर अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी) से सम्पर्क कर अपनी शंकाओं का समाधान समय पर कर लें।

### एक अज्ञात महिला को काट कर टुकड़ों में फेंकी लाश

**बालोद(विश्व परिवार)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह में नहर नाली के किनारे प्लास्टिक बोरे में भरी एक अज्ञात महिला की टुकड़ों में बंटी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अज्ञात महिला के शव जिसके शरीर के कई अलग-अलग हिस्से अधजली हालत में थे। अंदाजा लगाया गया कि किसी ने धारदार हथियार से उसके शरीर के कई हिस्से कर उसे बोरे में भरकर फेंक दिए थे। कुत्तों के द्वारा बोरे को फाड़कर पैर का हिस्सा निकाल लिया था। जिसके बाद बदबू आना शुरू हुआ और फिर इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना बालोद की टीम ने पंचनामे की कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम व साइबर टीम भी वहां पहुंचकर जांच में जुट गई। बताया गया कि बोरे में महिला का सिर, हाथ और पैर का हिस्सा मिला है। जिसमें पेट का हिस्सा गायब था। माना जा रहा है कि किसी दूसरे जगह पर महिला की हत्या कर उसके शरीर के कई हिस्से करके उसे बोरी में भर दिया गया और इस स्थान पर लाकर फेंक दिया। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## व्यापार समाचार

### सेंसेक्स की टॉप 10 में से 7 कंपनियों का मार्केट कैप 59,404 करोड़ रुपये बढ़ा

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। 'ईद-उल-फितर' के मौके पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (स्क्ष्) का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 8,153.08 करोड़ रुपये घटकर 5,24,663.73 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

### कलर्स के 'मेरा बलम थानेदार' की अभिनेत्री श्रुति चौधरी ने नाबालिग विवाह के बाद महिलाओं के संघर्ष के बारे में चर्चा की

**मुंबई।** कलर्स का 'मेरा बलम थानेदार' नाबालिग दुल्हन बुलबुल (श्रुति चौधरी द्वारा अभिनीत) और पुलिस अधिकारी वीर (शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) की कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है, जहां वे अपने मतभेदों के बावजूद भरोसे की नींव रखने और अपने विवाहित जीवन की जटिलताओं से निपटने का प्रयास करते हैं। अपने किरदार के लिए प्यार बटोरते हुए, श्रुति चौधरी परंपरागत तरीकों से आगे बढ़ते हुए बुलबुल की भूमिका को जीवंत कर रही हैं। इस कहानी के अनुसार, बुलबुल को अपनी कुंडली में मौजूद दोष को ठीक करने हेतु बच्चा पैदा करने के लिए कहा जाता है। वह बताती हैं कि इस खास सीन को करते समय, उन्हें उस दर्द का एहसास हुआ जो महिलाओं को तब महसूस होता है जब उन्हें किसी भी समस्या के समाधान करने हेतु बच्चा पैदा करने के लिए कहा जाता है। उन्होंने बताया कि वह इन सीन्स को करते समय थोड़ी घबराई हुई थीं क्योंकि महिला होने के नाते वह इस बात को समझ सकती थी। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को अपने लिए खड़ा होना चाहिए और अपने अधिकारों के लिए बोलना चाहिए। बुलबुल की भूमिका निभाते हुए, श्रुति चौधरी कहती हैं, यह हकीकत काफी दुखद है कि महिलाओं से अक्सर शादी के तुरंत बाद 'मां' बनने की उम्मीद की जाती है। मेरा मानना है कि परिवारों को यह समझना चाहिए कि महिलाएं परिवार शुरू करने के अलावा भी कुछ आकांक्षाएं रखती हैं, और उन्हें इसका सम्मान करना चाहिए। शो में यह किरदार निभाते हुए, मैं उस दबाव को समझ सकी जिसका सामना महिलाओं को बच्चा पैदा करने से संबंधित बातों को लेकर करना पड़ता है। जबकि बच्चे निस्संदेह एक वरदान हैं, लेकिन जीवन के ऐसे महत्वपूर्ण हिस्से के लिए सही समय चुनना भी उतना ही ज़रूरी है।

### 'मंगल लक्ष्मी' की सानिका अमित ने कहा, मुझे हमेशा से एक बड़ी बहन का प्यार चाहिए था, और दीपिका सिंह के साथ काम करके मुझे उस प्यार का अनुभव हो रहा है

**मुंबई।** पूरे भारत में गृहिणियों का दिल जीतते हुए, कलर्स का 'मंगल लक्ष्मी' कुछ ही समय में घर-घर का पसंदीदा बन गया है। यह शो दो बहनों के सफर को खूबसूरती से दर्शाता है, जहां वे अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए एक-दूसरे के परस्पर रिश्तों में उनके लिए सम्मान हासिल करने की कोशिश करती हैं। कहानी के अनुसार, मंगल (दीपिका सिंह द्वारा अभिनीत) को पूरे दिल से अपनी बहन लक्ष्मी (सानिका अमित द्वारा अभिनीत) का समर्थन करते हुए दिखाया गया है। वह लक्ष्मी की देखभाल अपनी बेटी की तरह करती है और उसके लिए ऐसा दूल्हा ढूंढने की कोशिश करती है, जो उसकी देखभाल करे और उसका सम्मान करे, कुछ ऐसा जिसका अनुभव मंगल ने खुद अपनी शादी में नहीं किया था। सानिका ने बताया कि उनके और दीपिका के बीच का रिश्ता मंगल और लक्ष्मी जैसा है। उन्होंने अभिनय में दीपिका के अनुभव से मिली सीख के बारे में बताया और उन उदाहरणों को याद किया जहां दीपिका ने कुछ शूटिंग सीन्स के दौरान उनकी मदद की थी। दीपिका कभी-कभी घर का बना खाना लाती हैं और उन्हें सेट पर घर जैसा महसूस कराती हैं। कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में लक्ष्मी की भूमिका निभा रहीं सानिका अमित कहती हैं, मैं घर में बड़ी बहन हूं, लेकिन इस शो में मुझे छोटी बहन बनने का मौका मिला है! कलर्स के ×स39;मंगल लक्ष्मी×स39; से, मेरी इच्छा इस तरह से पूरी हो रही है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। दीपिका सिंह (मेरी मंगल दीदी) के साथ काम करना लाजवाब अनुभव है। साथ ही, कार्तिक, अदित और जिया के साथ शूटिंग करना मज़ेदार है। यह शो मेरे लिए किसी आम मनोरंजन से कहीं बढ़कर है; यह मेरे लिए इमोशन है। न केवल एक बहन जैसा बॉन्ड, बल्कि मेरा जासूसी का पहलू भी, जिसे मैं शो में तलाशती हूं, वह मज़ेदार है! और यह हमारे ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन में दिखाई भी देता है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक यूं ही हमें अपना प्यार देते रहेंगे, जैसा कि वे शो को अब तक देते आए हैं। मौजूदा कहानी में, जब लक्ष्मी अपने संभावित पति से बात कर रही होती है, तो कार्तिक बीच में आकर बताता है कि लक्ष्मी के जीवन में कोई खास है।

# कंधे की चोट के कारण 7-10 दिनों तक एक्शन से बाहर शिखर धवन






**मुल्लांपुर( एजेंसी )।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 7 या 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं। पीबीकेएस के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने इसकी पुष्टि की है। अगर धवन एक हफ्ते के लिए बेंच पर बैठते हैं तो वह आईपीएल 2024 के दो पीबीकेएस घरेलू मैच, मुंबई इंडियंस के खिलाफ (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटंस (21 अप्रैल) से चूक सकते हैं। संजय बांगर ने कहा, कंधे में चोट के कारण धवन टीम से बाहर हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि उसके कुछ दिनों के लिए खेल से बाहर रहने की संभावना है। एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज, शिखर जैसा कोई, जिसके पास खेलने का अनुभव है ऐसे विकेट पर टीम के लिए बेहद अहम हो जाता है। धवन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ पीबीकेएस के शनिवार रात के मैच में भी नहीं खेल पाए। सैम करन ने उनकी जगह टीम की कप्तानी संभाली। बांगड़ ने किंग्स की तीन विकेट से हार के बाद कहा, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि वह उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देता है, लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि वह कम से कम सात से 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकता है। धवन की अनुपस्थिति में राजस्थान रॉयल्स के खि़लाफ़ पंजाब की टीम की कमान सैम करन के पास थी। जब करन टॉस करने आए तो यह थोड़ा सा चौंकाने वाला फ़ैसला लगा था, क्योंकि जितेश शर्मा ने सीज़न की शुरुआत से पहले चेन्नई में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था। इस संदर्भ में सवाल पूछे जाने पर संजय ने कहा, नहीं.. नहीं..वह (जितेश) उप-कप्तान नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल की शुरुआत में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था। इसी कारण से लोग उन्हें टीम का उपकप्तान मानने लगे थे। सैम ने पिछले वर्ष भी टीम का नेतृत्व किया था। लेकिन इस सीज़न उन्हें भारत आने में देरी हो गई थी। इसी वजह से हम उन्हें चेन्नई नहीं भेज सके और उनकी जगह पर जितेश को भेजा गया। ऐसा नहीं था कि जितेश कार्यवाहक कप्तान थे। हम बहुत स्पष्ट थे कि अगर ज़रूरत पड़ी तो सैम करन कप्तानी करेंगे। आईपीएल 2023 के दौरान इसी तरह की स्थिति में, जब धवन को मैदान पर चोट के कारण अस्थायी रूप से बाहर कर दिया गया था। सैम करन ने पीबीकेएस की कमान संभाली थी, और 2 जीत और 1 हार के रिकॉर्ड के साथ तीन मैचों में उनका नेतृत्व किया था। आईपीएल 2024 में धवन का बल्ले से प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, उन्होंने पांच पारियों में 30.40 की औसत और 125.61 की स्ट्राइक रेट से 152 रन बनाए।

## सिर्फ़ शिमरॉन हेटमायर ने टी20 क्रिकेट खेला, बाकी सभी टेस्ट क्रिकेट खेल रहे थे: आकाश चोपड़ा

**मुल्लांपुर( एजेंसी )।** राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर टाटा आईपीएल 2024 में अपनी पाँचवीं जीत दर्ज की। पंजाब ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 147 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसे राजस्थान ने अंतिम ओवर में रोमांचक तरीके से हासिल कर लिया। जियोसिनेमा आईपीएल एक्सपर्ट ज़हीर खान, आरपी सिंह और आकाश चोपड़ा ने मैच सेंटर लाइव पर केशव महाराज (2/23) और शिमरॉन हेटमायर (10 गेंदों पर 27 रन) के प्रदर्शन की प्रशंसा की। आकाश चोपड़ा, जियोसिनेमा टाटा आईपीएल एक्सपर्ट ने शिमरॉन हेटमायर को लेकर कहा, वास्तव में, अगर आप देखें, तो वह आज टी20 शैली में खेलने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे। ऐसा लग रहा था कि बाकी सभी टेस्ट क्रिकेट खेल रहे थे! जहीर खान ने केशव महाराज के बारे में कहा, आरआर के लिए यह एक अच्छी साइनिंग है। यह एक बेहतरीन टीम है। एक बेहतरीन प्लेइंग इलेवन है। भले ही अश्विन नहीं खेल रहे थे, लेकिन फिर भी उन्होंने स्पिन गेंदबाज़ों के मामले में पर्याप्त दमदार प्लेइंग इलेवन बनाई। इन दोनों स्पिन गेंदबाजों ने निराश नहीं किया। केशव महाराज बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं, लेकिन आज उन्होंने जो नियंत्रण दिखाया वह कमाल का था। आरपी सिंह ने केशव महाराज के बारे में कहा- केशव ने वाकई बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हर कोई उनकी गेंदबाजी में फंस रहा था। किसी भी समय कोई उन्हें वास्तव में अच्छा नहीं खेल पाया। जॉनी बेयरस्टो का विकेट लेना शानदार था, और उसके बाद, उन्होंने सैम करन को भी वापस भेजा। केशव की गेंदबाजी शानदार रही। वह आमतौर पर गेंद को टर्न नहीं करते हैं, लेकिन आज वह इसे टर्न भी कर रहे थे।

## आम चुनाव के बीच चार्टर्ड विमान, हेलिकॉप्टर की मांग में 40 प्रतिशत का उछाल



**नयी दिल्ली( एजेंसी )।** लोकसभा चुनावों के लिए राजनेता और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि देशभर में भ्रमण कर रहे हैं, जिससे चार्टर्ड विमान और हेलिकॉप्टर की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे निजी विमान और हेलिकॉप्टर संचालकों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड सेवाओं के लिए प्रति घंटा दरें भी बढ़ गई हैं। एक विमान के लिए शुल्क लगभग 4.5 - 5.25 लाख रुपये और दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर के लिए लगभग 1.5- 1.7 लाख रुपये है। जहां सामान्य समय और पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में मांग बढ़ी है, फिक्स्ड विंग विमान और हेलिकॉप्टर की उपलब्धता भी कम संख्या में है। कुछ परिचालक दूसरे कंपनी से विमान और हेलिकॉप्टर चालक दल के साथ लेना चाह रहे हैं। रोटरी विंग सोसायटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने बताया, हेलिकॉप्टर की मांग बढ़ी है और यह सामान्य अवधि की तुलना में चुनाव अवधि में 25 प्रतिशत तक अधिक है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। आमतौर पर, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों और नेताओं को कम समय में विभिन्न स्थानों, खासकर दूरदराज के इलाकों में पहुंचने के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग करते हैं।

# विदेशी बाजारों में सोयाबीन डीगम दाम टूटने से बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** विदेशी बाजारों में सोयाबीन डीगम का दाम टूटने के बीच आयातित खाद्य तेलों की कीमतें प्रभावित होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। इस दौरान सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली जबकि किसानों की अपेक्षा के अनुरूप दाम नहीं मिलने के कारण मंडियों में कम बिक्री करने से सोयाबीन तिलहन तथा बाजार में आवक घटने के बीच बिनौला तेल के दाम तेजी दर्शाते बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि बंदरगाह सहित अन्य स्थानों पर खाद्य तेलों के कमजोर स्टॉक के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल के थोक दाम पहले के 1,015-1,020 डॉलर प्रति टन से घटकर 975-980 डॉलर प्रति टन रह गये। इस गिरावट का असर बाकी तेल-तिलहनों पर भी आया और पिछले सप्ताह के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। विदेशों में सोयाबीन डीगम के थोक दाम भले ही टूट गये हों पर देश में इन तेलों की बिक्री प्रीमियम दाम के साथ जारी है। बेशक प्रीमियम की राशि पिछले महीने लगभग 10 प्रतिशत थी जो अब घटकर 4-5 प्रतिशत रह गई है। सूत्रों ने कहा कि सरकार को इस बात पर ध्यान देना होगा कि खाद्य तेलों के दाम मामूली वृद्धि के साथ लगभग 20 साल पहले की कीमत के आसपास हैं जबकि अन्य वस्तुओं के दाम काफी अधिक हुए हैं। यह स्थिति तेल-तिलहन कारोबार के लिए अच्छा नहीं है। इसके अलावा तेल-तिलहन का उत्पादन बढ़ाने की मंशा उचित हो सकती है लेकिन इसके लिए देशी तेल-तिलहन का बाजार विकसित करने तथा आयात नीति और शुल्कों का उचित निर्धारण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विदेशी तेलों के थोक दाम सस्ता होने के कारण सरसों जैसा अन्य देशी तेल को बाजार से जूझना पड़ रहा है क्योंकि देशी तेल के दाम बेपड़ता हो रहे हैं और तेल पेराई मिलों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों की खरीद तो शुरू हुई मगर यह उम्मीदों से कम थी।

## अक्षय भाटिया राउंड 3 के अंत में फिसले, शेफ़लर ऑगस्टा में एकल बढ़त पर

**ऑगस्टा( एजेंसी )।** भारतीय अमेरिकी अक्षय भाटिया को 16-17 पर दो होल के मामले में तीन शॉट का नुकसान उठाना पड़ा और इसके साथ ही उन्होंने एक साल पहले साहिथ थीगाला की तरह शीर्ष -10 में जगह बनाने का मौका खो दिया। भाटिया (72-75-72) पहले से ही पीजीए टूर पर दो बार विजेता, 5-ओवर और संयुक्त-28 थे , जबकि एक अन्य भारतीय अमेरिकी साहिथ थीगाला ने लगातार तीसरा 74 का शॉट लगाकर 6-ओवर और संयुक्त-36वां स्थान प्राप्त किया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शेफ़लर ने बैक नाइन में दो-दो बर्डी और बोगी के साथ रोलर-कोस्टर खेला, इसके अलावा अपने दूसरे नाइन में एक ईगल और एक डबल लगाया। 66-72-71 के साथ वह अब 7-अंडर और एकल बढ़त पर हैं। शेफ़लर से पीछे दो बार के मेजर विजेता, कॉलिन मोरीकावा (6-अंडर) हैं और उनका पीछा मैक्स होमा (5-अंडर), नौसिखिया लुडविग एबर्ग (4-अंडर) और ब्रायसन डीचैम्ब्यू (3-अंडर) कर रहे हैं। पांच बार के मास्टर्स विजेता टाइगर वुड्स ने ऑगस्टा नेशनल में अपना सबसे खराब 82 का स्कोर किया, क्योंकि एक दिन पहले रिकॉर्ड संख्या में सीधे कट लगाने के बाद वह लीडरबोर्ड में नीचे खिसक गए।

## शब्द सामर्थ्य -026

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 025 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू- दोकू क्र.026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.025का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

## राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक राज्य के दौरे पर

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के गुणवत्ता निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक इस महीने राज्य के दौरे में रहेंगे। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक श्री सालवे विवेक भाऊराव सरगुजा, रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा, श्री राम प्रकाश सिंह कोण्डागांव एवं नारायणपुर, श्री बिमल कुमार टिक्कू बीजापुर एवं सुकमा जिलों का दौरा करेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### समता कॉलोनी रायपुर में सुंदरकांड का पाठ और भजन का आयोजन किया गया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट भारतवर्ष के तत्वाधान में आज समता कॉलोनी रायपुर में सुंदरकांड का पाठ और भजन का आयोजन किया गया। इसके बाद सुहाग सामग्री और प्रसाद वितरण किया गया साथ में संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया गया, ट्रस्ट के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे और ट्रस्ट के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किए।

### श्री दिगंबर जैन मंदिर फाफाडीह में श्री 108 सौभाग्यवती माताजी का रजत दीक्षा महोत्सव मनाया गया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सन्मति नगर, फाफाडीह मैं स्थित श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल जैन मंदिर में रविवार को श्री 105 सौभाग्यवती माताजी के सानिध्य में देवाधिदेव 1008 श्री संभावना भगवान जी का मोक्ष कल्याण महोत्सव मनाया गया एवं परमपूज्य गणधर तीर्थ प्रणेता आचार्य श्री सिद्धांत सागर जी महाराज की परम शिष्या, भारत गौरव, विदुषी गणीनी आर्यिका रत्न 100 पाठ श्री सौभाग्यवती माताजी का 25 वा दीक्षा महोत्सव बड़े हर्ष उल्हास एवं धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के अध्यक्ष श्री अरविंद बड़जात्या ने बताया कि यहां मंदिर में श्री 105 सौभाग्यवती माताजी ससंग विराजमान है और आज माताजी का रजत दीक्षा महोत्सव को संपूर्ण समाज बड़े धूमधाम से मनाया जिसमें संयम महोत्सव, चित्र अनावरण, मंगला चरण, अतिथियों द्वारा श्रीफल भेट, माताजी का पाद प्रक्षालन शास्त्र भेंट एवं पूजन के साथ समाज को महिलाओं द्वारा माताजी को शास्त्र भेंट के साथ अलग-अलग वेशभूषा पहन कर माताजी की पूजा की जिसमें आठ प्रकार के अर्ग चढ़ाए गए प्रथम जल के साथ चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धुप, फल और आखिरी में महा अर्ग चढ़ाकर पूजा संपन्न की गई। उसके बाद माता जी द्वारा प्रवचन दिया गया।

# सांय सांय पूरी हो रही मोदी की गारंटी : विष्णुदेव साय

### लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के नामांकन बाद भाजपा ने रैली निकालकर 400 पार मोदी सरकार बनाने हुंकार भरी

**दुर्ग (आरएनएस)।** लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के नामांकन बाद भाजपा ने रैली निकालकर 400 पार मोदी सरकार बनाने हुंकार भरी। मानस भवन में आयोजित सभा में नेताओं ने कार्यकर्ताओ में ऊर्जा का संचार किये। हाथों में बीजेपी ध्वज लिए हजारों कार्यकर्ताओ ने जय जय श्रीराम के नारे लगाकर मुख्यमंत्री, प्रत्याशी सहित सभी नेताओं का अभिवादन कर दुर्ग में घर घर कमल खिलाने आश्वासत किये। विधायक गजेंद्र यादव ने हेलीपेड में स्वागत कर सभास्थल से लेकर रैली तक मुख्यमंत्री की अगुवाई किये। भाजयुमो ने विशाल बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वागत किये।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा की डबल इंजन की सरकार में सांय सांय पूरी पूरी हो रही मोदी की गारंटी और इससे बौखलाई कांग्रेस हो रही आंय बांय। भारी संख्या में कांग्रेसीयों का भाजपा में शामिल होना बता रहा है की कांग्रेस डूबती नईया है। इस बार चुनाव में देश के नाम भाजपा को वोट देकर कांग्रेस को शून्य पर लाना है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रत्याशी विजय बघेल ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा की दुर्ग लोकसभा में विकास की निरंतरता को बनाये रखने घर घर कमल खिलाना है, मोदी जी और विजय बघेल की लहर चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को पूरा किया है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। धारा 370 हो, महिलाओं के लिए आरक्षण हो या राम मंदिर का निर्माण या फिर छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन और 3100? में धान खरीदी का वादा भाजपा का हर संकल्प, मोदी की गारंटी है।

# महिला स्वीप कार रैली 21 अप्रैल को बीटीआई ग्राउंड से प्रारंभ होगी

### महिला स्वीप कार रैली से मतदान का संदेश, आकर्षण साज सज्जा पर मिलेंगे पुरस्कार

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 21 अप्रैल को कार रैली का आयोजन किया गया है। उपरोक्त महिला स्वीप कार रैली रायपुर शंकर नगर बी टी आई ग्राउंड से साइंस कॉलेज तक रखी गई है।ग़ौरतलब है कि महिला स्वीप कार रैली का आयोजन 21 अप्रैल को शाम 4 बजे किया गया है जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षण पुरस्कार निर्धारित किया गया है। इसके लिये प्रतिभागियों को अपने कार में आकर्षण साज सज्जा करना होगा साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए स्लोगन एवं संदेश चस्पा करने होंगे। पुरस्कार में क्रमश: प्रथम पुरस्कार 21,000/- रुपये द्वितीय पुरस्कार 11,000/- रुपये, तृतीय पुरस्कार 51,00/- रुपये रखा गया है। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार के तहत दस लोगो को 21,00/- रुपये से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही लकी ड्राइवर, लकी गाड़ी, लकी गाड़ी नंबर को भी पुरस्कृत किया जायेगा। अगर आप हैं जागरूक और चाहते हैं औरों को जागरूक करना, तो देर ना कीजिए महिला स्वीप कार रैली में भाग लेने के लिए दिये गये क्यू आर कोड को स्कैन कीजिए और अपना पंजीयन सुनिश्चित कीजिए।

# एमडी अबिनाश मिश्रा ने ली रायपुर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**कहा- जून तक पूरे करें सभी प्रोजेक्ट**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु अधिकारियों व कार्य एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा है कि नियमित मॉनिटरिंग कर जून से पहले सभी प्रोजेक्ट पूरे करे। श्री मिश्रा ने अंडरग्राउंड केबलिंग, 24ङ्क7 परियोजना, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध, नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी, शहर में समुचित स्ट्रीट लाइट सहित अन्य प्रोजेक्ट की जानकारी लेकर समय सीमा पर निर्माण पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा है कि तय समय सीमा में सभी कार्यों को पूरा करने के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और आम नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित करें इस दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.)श्री पी.के.पंचायती, उप-महाप्रबंधक (वित्त) श्री अमित शर्मा, उप-प्रबंधक श्री संजय अग्रवाल, श्री अमित मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर श्री शुभम तिवारी, श्रीमती नेहा पटेल, योगेंद्र साहू सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता, रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

### नॉक आउट मुकाबले में 82 रनों से रायपुर स्मार्ट सिटी ने श्रम विभाग को हराया, श्रवण कुमार रहे मैन ऑफ द मैच

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय नेताजी सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 14 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं श्रम विभाग के मध्य खेला गया। इस नॉक आउट रोमांचक मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 187 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई है। सेमीफाइनल में अब रायपुर स्मार्ट सिटी का मुकाबला खेल विभाग से मंगलवार की शाम को होगा।

रविवार को खेले गए मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम टॉस जीतकर प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करने उतरी और बल्लेबाज श्रवण की 105 रन की आतिशी पारी से पूरी टीम 187 रन का लक्ष्य दिया। श्रम विभाग की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 105 रन ही बना सकी। श्रवण मैन ऑफ द मैच रहे। मैच के पश्चात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप ने खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल ने टीम की हौसला अफ़ज़ायी की।

# पी. दयानंद की अध्यक्षता में पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की बैठक

**छत्तीसगढ़ सहित 7 राज्यों के पारेषण तंत्र की मजबूती का मार्ग प्रशस्त**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की 49 वीं बैठक इस समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन के सचिव ऊर्जा व छत्तीसगढ़ पॉवर कम्पनीज़ के अध्यक्ष श्री पी.दयानंद की अध्यक्षता में दमन में संपन्न हुई। इस समिति के माध्यम से छत्तीसगढ़ में अति उच्च दाब की अंतर्राष्ट्रीय पारेषण परियोजनाओं का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसका बड़ा लाभ छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों को मिलेगा।

पी. दयानंद 1 अप्रैल 2024 से पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गये हैं। इस समिति में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गोवा, दमन और दीव, दादरा एवं नगर हवेली की उत्पादन, पारेषण, वितरण पॉवर कम्पनीज़, एनटीपीसी, पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया, इन राज्यों की निजी पॉवर उत्पादक कंपनियाँ, निजी पारेषण व ट्रेडिंग कंपनियाँ, राज्य एवं क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र सम्मिलित हैं। देश के पश्चिम क्षेत्र में विद्युत प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर तीन माह में समिति की बैठक आयोजित की जाती है।इसी कड़ी में केंद्र शासित राज्य दमन में समिति की 49 वीं बैठक 12-13 अप्रैल को दमन में संपन्न हुई।

इस बैठक में पॉवर के अंतर्राज्यीय मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय हुये जैसे नयी अंतर्राज्यीय पारेषण लाइनों के निर्माण की स्वीकृति, डेटा के संचार हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एक समान सॉफ्टवेर बनाने, अंतर्राज्यीय पॉवर एक्सचेंज से संबंधित विभिन्न वाणिज्यिक व मीटरिंग व्यवस्था के आधुनिकीकरण जैसे मुद्दे सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर आपसी सहमति से निर्णय लिये गये।साथ ही पूर्व निर्णयों के त्वरित क्रियान्वयन, समस्याओं के समाधान आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। इसके पूर्व 12 अप्रैल को पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत समिति की तकनीकी समन्वय समिति की बैठक श्री राजेश कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ पारेषण एवं वितरण कंपनी की अध्यक्षता में दमन में ही संपन्न हुई।

# बौद्ध समाज ने मनाई अम्बेडकर जयंती

**रायपुर (विश्व परिवार)।** बौद्ध समाज राजा तालाब रायपुर के तत्वाधान में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पूर्व अनुसार बड़ी ही हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई सभी समाज के प्रमुखजन समारोह में शामिल हुए। जयंती कार्यक्रम का प्रारंभ बुद्ध वंदना से की गई इसकी बाद एक महा रैली महारैली निकल गई यह रैली बाबा साहेब अंबेडकर भवन राजा तालाब रायपुर से प्रारंभ होकर गांधी चौक राजातालाब आदर्श चौक नूरानी चौक होते हुए अंबेडकर चौक कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई।

इस रैली में समाज के संरक्षक एन के जाधव, यादव राव शेलकर और खरे जी एवं महिला प्रतिनिधि में उपाध्यक्ष तुलसा सेलकर, महा सचिव सुमन सेलकर एवं करुणा बन्सोडे शामिल हुई ।रैली का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया इस जयंती के उपलक्ष में प्रसाद बांटा गया और बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से रैली कलेक्ट्रेट परिसर के समक्ष अंबेडकर चौक पहुंची ।वहां पर हमारे समाज की प्रमुख जनों का अंबेडकर जयंती समिति के द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। आज इस आयोजन में रामा राव गवली, राहुल इंगले, नम्रता भोसले,ललित सोरठे, हितेश बन्सोडे,तथागत बागड़े अंजय भोसले, मोनू फुलझेले, एवं समाज के सभी सदस्य शामिल हुए।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर डॉ. सुखदेवे जी ने किए विचार व्यक्त

### छत्तीसगढ़ में अम्बेडकर विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के समाज कार्य विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विषय छत्तीसगढ़ में अम्बेडकर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. के. सुखदेवे (सामाजिक कार्यकर्ता, छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद के अध्यक्ष एवं संपादक 'तथागत' मासिक पत्रिका, रायपुर) ने विद्यार्थियों से छत्तीसगढ़ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान के वषय में विस्तार पूर्वक विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा प्राप्त विभिन्न विषयों में शिक्षा, समाज कल्याण और राष्ट्र की उन्नति के लिए किये गए अथक प्रयासों से प्रेरणा प्राप्त कर उनके शीर्ष नेतृत्व के मार्ग में चलने की बात कही।

यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा अपने वक्तव्य में कहा कि आंबेडकर एक महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता एवं अर्थशास्त्री थे। उन्हें किताबों से अधिक मोह था, उनका स्वयं का निजी पुस्तकालय था, जिसमें 50, 000 से अधिक किताबें थी। उन्होंने कई विषयों में डिग्रीयाँ हासिल की, जिसमें मुख्य रूप से कोलंबिया यूनिवर्सिटी तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से पीएचडी हासिल शामिल है रुपये की समस्या जैसे विषयों पर उन्होंने शोध कार्य किया। और आज़ादी के बाद उसी शोध पर रिजर्व बैंक स्थापित हुआ। अपने विचार व्यक्त करते हुए, मुख्य वक्ता डॉ. आर. के. सुखदेवे जी ने बताया कि आंबेडकर एक समाज सुधारक के रूप में हमारे समक्ष आते हैं। इनकी शिक्षा, कानून और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अभूपूर्व योगदान रहा है। आंबेडकर जी ने पुरुष एवं महिलाओं में समानता की बात की। हिंदु कोड बिल, श्रम कानून जैसे महत्वपूर्ण कानून लाये, जिसके परिणाम स्वरूप श्रमिकों को उनके अधिकार प्राप्त हुए। महिलाओं को बराबरी का हक मिला। अंबेडकर जी का छत्तीसगढ़ से भी संस्मरण जुड़ा हुआ है। जब भारत गुलाम था, तो छत्तीसगढ़, सीपी और बरार के हिस्से में आता था। उस समय सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास जी के पोते मुकतावन दास को अमरवती जेल में बिना किसी कारण के डाल दिया गया था, उन्हें जेल से छुड़ाने के लिए भोरिंग गाँव से नकुल देव ढीढी ने आंबेडकर जी से संपर्क किया। और उनका केस लड़ा, कोर्ट में महज 5 मिनट की बहस के उपरांत मुकतावन दास जी को छोड़ दिया गया। आंबेडकर जी को छत्तीसगढ़ बुलाया गया था, वे 12 दिसंबर 1945 को रेलगाड़ी के माध्यम से रायपुर के सप्रे शाला(तात्कालिन लॉरी स्कूल) में आए थे। रायपुर उस समय दुल्हन की तरह सजा था। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं रायपुर पहली बार आया हूँ। आप सभी शिक्षित हों और अन्य लोगों को शिक्षित करने का प्रयास करें। सारे लोग छितरे न रहें, संगठित रहें। संगठित होने से दूसरे लोग आपका लोहा मानेंगे। इस देश को स्वतंत्रता मिलने वाली है, लोगों की समानता, शिक्षा के लिए इस कारवाँ को आगे बढ़ाना है कुछ लोग इस देश को बाँटने में लगे हैं, मैं देश को बाँटने के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं हूँ।'

इस महत्वपूर्ण आयोजन का संचालन 'समाज कार्य' के सहायक प्रोफेसर डॉ. नरेश गौतम ने किया। आभार ज्ञापन 'राजनीति विज्ञान विभाग' के असोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनीष पांडे ने किया है।

# भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वां जन्मदिवस मनाया गया

**डॉ. अम्बेडकर आज भी दलितों, गरीबो एवं असहायों के मसीहा के रूप में याद किए जाते हैं: मंडल रेल प्रबंधक**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वां जन्म दिवस 14 अप्रैल 2024 को अवकाश होने के कारण दिनांक 15 अप्रैल 2024 को मनाया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में आयोजित कार्यक्रम मे मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर आज भी दलितों, गरीबो एवं असहायों के मसीहा के रूप में याद किए जाते हैं। इतिहास के पन्नों मे उन्हे संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूम में याद किया जाता है। डॉ भीमराव अम्बेडकर जीवन के हर क्षेत्र -सामाजिक, आर्थिक और राजनिति में लोकतंत्र के पक्षधर थे। अंत में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के जन्म दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि रेल सेवा के माध्यम से हमें जो देश सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है उसे हम पूरे समर्पण, सदभावना, निष्ठा व ईमानदारी से हमारा लक्ष्य पूर्ण करना है। हम देश को समृद्ध बनाएंगे और देश की उन्नति में योगदान करेंगे।

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति रेलवे एंप्लाइज एसोसिएशन के डिविजनल प्रसीडेंट श्री भोली चौधरी एवं डिविजनल वर्किंग सचिव श्री वाय. के. मिहूलिया, डॉ. बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जीवनी, उनसे आदर्शों शिक्षा के महत्व, संगठन एवं संघर्ष के महत्व पर चर्चा की साथ ही रायपुर रेल मंडल द्वारा डॉ.बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर किए गए आयोजन को बहुत ही सराहा और कहा कि हम सब एक परिवार के रूप में कार्य करते हैं और यहां सभी का सहयोग अतुलनीय है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे कांग्रेस यूनियन के प्रतिनिधि, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ओबीसी एशोसियसन के डिविजनल प्रेसिडेंट एच. प्रसाद राव एवं अन्य पदाअधिकारियों द्वारा बाबा साहेब की जीवनी के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री आशीष मिश्रा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी)श्री आर. के साहू एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं यूनियन के पदाअधिकारियों सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग द्वारा आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी की भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने आज स्वर्णप्राशन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 16 अप्रैल को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में सवेरे नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक इसका सेवन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन का आयोजन किया जाता है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354